हिन्दी साान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

वर्ष : 01 अंक–166 : जौनपुर, गुरुवार 02 मार्च 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## होली से पहले वाराणसी एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी : मचा हड़कंप

वाराणसी ब्यूरो : यूपी के वाराणसी स्थित बाबतपुर एयरपोर्ट को होली से पहले ड्रोन बम से उड़ाने की धमकी मिलने से पुलिस–प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन–फानन पुलिस एक्शन में आई और मामले की जांच में जुट गई। मामले में एयरपोर्ट प्रशासन ने फूलपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के मुताबिक, बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर होली से पहले ड्रोन हमले की धमकी भरा पत्र डाक से विभाग से प्राप्त हुआ। पत्र विमान पतन निदेशक के नाम से था। पत्र भेजने वाले ने अपना नाम नहीं लिखा था। पत्र मिलते ही एयरपोर्ट प्रशासन चौकस हो गया। एयरपोर्ट प्रबंधन और सुरक्षा एजेंसियों की आपात बैठक हुई। वहीं, सीआईएसफ अलर्ट मोड में आ गया। एयरपोर्ट पर आने–जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। एयरपोर्ट के मुख्य सुरक्षा अधिकारी शक्ति त्रिपाठी ने फूलपुर थाने में तहरीर दी। एसीपी पिंडरा अमित पांडे ने बताया कि वाराणसी एयरपोर्ट सहित देश



के विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों को उड़ाने की चेतावनी भरा पत्र मिला है। अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गई है।

## सहायक अभियंता जिला ग्राम्य विकास अभिकरण कमलेश श्रीवास्तव के विदाई समोराह का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम की उपस्थिति में विकास भवन के सभागार में सहायक अभियंता, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण कमलेश श्रीवास्तव के 37 वर्ष 4 माह 17 दिन सेवा करने के उपरान्त अधिवर्षता आयु पूर्ण करने के पर भव्य विदाई/अभिनन्दन समोराह का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान समस्त अधिकारी और कर्मचारी ने सेवानिवृत्त सहायक अभियंता के दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं उनके किये गये कार्य को सराहा कार्यक्रम का संचालन सुरेश अस्थाना, डी0आर0डी0ए0 जौनपुर द्वारा किया गया। मुख्य रूप सें परियोजना निदेशक, जयकेश त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी बी0बी0सिंह, उपायुक्त श्रम–रोजगार भूपेन्द्र सिंह, उपायुक्त स्वतः रोजगार ओ0पी0यादव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रामदरस यादव, सेवानिवृत्त जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार, अधिशासी अभियंता, यू0पी0सिडको, वाई0के0कुशवाहा, तत्कालीन सहायक अभियंता, गन्ना विभाग, बी0पी0 यादव, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग से तीन सहायक अभियंतागण, समाज कल्याण अधिकारी, लेखाधिकारी, देवेन्द्र पाण्डेय, डी0आर0डी0ए0 से सेवानिवृत्त हुए, श्याम नारायण, फौजदार, अशोक मिश्र, छोटेलाल,



समीउल्लाह, पीरमोहम्मद, विकास कार्यालय से सेवा निवृत्त अनूप सिन्हा, बी0पी0 दीक्षित, आशुलिपिक सतीश कुमार, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, सईददुल्ला, सुजीत सिंह, अध्यक्ष, रईश अहमद, राजीव रोशन, नाजिर गुड्डू यादव, निखिल, शैलेन्द्र विक्रम सिंह माझिल, डी0आर0डी0ए0 से सुमन्त श्रीवास्तव, राजेन्द्र सिंह, राजेश श्रीवास्तव, सुबाष, छोटेलाल, विनोद सिंह, राहुल श्रीवास्तव, विजय यादव, दुर्गेश कुमार गोंड, मनीष द्विवेदी, गुल्लू यादव, सत्यप्रकाश, अजीत एवं बेलाल उपस्थित रहें। विदाई कार्यक्रम में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## होली त्योहार पर नकली खोया पनीर एवं कचरी पापड़ की भरमार

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : होली पर खाद्य पदार्थों में मिलावट फिर तेजी से बढ़ गई है। खाद्य एवं औषधीय विभाग के इसकी रोकथाम के लिए छापेमारी तो कर रहा है लेकिन फिर भी बाजार में इन्हें खुलेआम बेचा जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि होली पर बाजार में आई ज्यादातर चीजों में मिलावट है। लोगों ने अगर सतर्कता नहीं बरती तो उनकी सेहत बिगड़ सकती है। होली के मौके पर मावा, नमकीन, पापड़, कचरी, पनीर, खाद्य तेल जैसी चीजों में घातक रसायनयुक्त रंग और अखाद्य पदार्थ मिलाकर इन्हें बेचा जा रहा है। हाल ही में बिंदकी क्षेत्र में मिलावटी दूध पकड़ा गया है। कई खाद्य पदार्थों के नमूने जांच में फेल भी हुए हैं। त्योहार पर खोया, पनीर में भी खूब मिलावट की जा रही है। होली के मौके पर मावा, नमकीन, पापड़, कचरी, पनीर, खाद्य तेल जैसी चीजों में घातक रसायनयुक्त रंग और अखाद्य पदार्थ मिलाकर इन्हें बेचा जा रहा है। हाल ही में बिंदकी क्षेत्र में मिलावटी दूध पकड़ा गया है। कई खाद्य पदार्थों के नमूने जांच में फेल भी हुए हैं। त्योहार पर खोया, पनीर में भी खूब मिलावट की जा रही है। पनीर में स्टार्च मिलाया जा रहा है, जिससे पनीर का रंग निखर जाता है। इसकी पहचान करने के लिए पनीर को पानी में उबाल कर ठंडा कर लें। इसके बाद थोड़ा सा आयोडीन सॉल्यूशन डालें। अगर रंग नीला हो जाए तो समझ लें कि पनीर में स्टार्च की मिलावट है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ए के पाठक के अनुसार खोया को



उंगली से मसलकर उसकी गुणवत्ता पता की जा सकती है। मिलावटी खोया दानेदार होता है। शुद्ध खोया में चिकनाई होती है। हालांकि मावे में केमिकल या रिफाइंड मिलाने से उसमें चिकनाई नजर आती है। दूसरा तरीका यह भी है कि खोया को अपने अंगूठे के नाखून पर रगड़ें। अगर यह शुद्ध होगा, तो उससे घी की खुशबू आएगी और देर तक रहेगी। अगर रगड़ने पर खोया फटने लगे तो समझ जाएं कि नकली है। दो ग्राम खोया को पांच मिलीग्राम गरम पानी में घोलकर ठंडा होने दें। ठंडा होने पर इसमें आयोडीन सोल्यूशन डालें। खोया मिलावटी होगा तो उसका रंग नीला हो जाएगा। थोड़ी चीनी डालकर गरम करें, अगर पानी छोड़ने लगे तो भी समझिए कि खोया नकली है। फिजीशियन डाक्टर संजीव सक्सेना ने बताया कि मिठाइयां खरीदने में सावधानी बरतें। खोया से बनी मिठाई खरीदने से पहरेज करें। रंगों में किसी तरह का पोषकतत्व नहीं होता है। यह सिर्फ मिठाइयों की सजावट के काम आते हैं। सिंथेटिक रंगों से तैयार मिठाई स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इससे पाचन क्रिया को नुकसान पहुंचाता है। पेट में गड़बड़ी, सिरदर्द, अनिंद्रा, त्वचा रोग जैसी शिकायतें सामने आती हैं। खोया में सड़े आलू, मिल्क पाउडर, सिंथेटिक मैटेरियल की मिलावट होती है। इससे पेट दर्द, उल्टी, तेज बुखार, संक्रमण, लिवर में सूजन, चक्कर आना और जी मचलाना जैसी समस्या हो सकती है। तेल में पाम ऑयल, वेजिटेबल ऑयल, आर्जीमोन, प्योरिफाइड इंजन ऑयल, घातक केमिकल एसेंस की मिलावट होती है। इससे आंखों में जलन, त्वचा रोग, रतौंधी, लंबे समय तक के इस्तेमाल से कैंसर का खतरा रहता है।

## पुलिस मुठभेड़ में शातिर अपराधी गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चन्दवक पुलिस टीम के साथ हुई पुलिस मुठभेड़ में एक शातिर अपराधी,हिस्ट्रीशीटर व लुटेरा को गिरफ्तार किया है।पोलिस ने इसके कब्जे से रिवाल्वर,पिस्टल, जिन्दा कारतूस व खोखा कारतूस तथा चोरी की मोटर साइकिल बरामद किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक शहर ने बताया कि डा0 अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत बृजेश कुमार गौतम अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व गौरव शर्मा, क्षेत्राधिकारी केराकत रात्रि में प्रभारी निरीक्षक चन्दवक मय पुलिस टीम के हरिहरपुर मार्ग पर गश्त व चेकिंग कर रहे थे कि करीब 03.19 ।ड पर निरीक्षक नागेन्द्र प्रसाद सिंह चन्दवक द्वारा सूचना दी गयी कि एक अपराधी गोमती नदी पुल के पास चेकिंग के दौरान हम पुलिस टीम पर फायर कर बाबा के वन हरिहरपुर की ओर भाग रहा है। इस सूचना पर जैसे ही प्रभारी निरीक्षक चन्दवक के नेतृत्व में पुलिस टीम बाबा के वन से लगभग 200–300 मी0 पहले ही ढ़लान पर पहुँची कि सामने से आ रही मोटरसाइकिल पर सवार एक व्यक्ति अपनी गाड़ी सड़क किनारे छोड़ भागने का प्रयास किया पुलिस टीम द्वारा जब भागते हुए व्यक्ति को पकड़ने का प्रयास किया गया तो उसके द्वारा जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायर किया गया जिससे प्रभारी निरीक्षक चन्दवक द्वारा पहने हुए बुलेट प्रूफ जैकेट पर एक गोली आकर लगी। आत्मरक्षार्थ चेतावनी देते हुये पुलिस टीम द्वारा जवाबी फायर किया गया, जिससे अपराधी घायल होकर मौके पर गिर गया। घायल अपराधी से नाम पता पूछा गया तो अपना नाम अभिषेक सिंह पुत्र स्व0 इन्द्रजीत सिंह नि0 ब्राह्मणपुर थाना चन्दवक जिला जौनपुर बताया जो कि थाना स्थानीय का एक दुर्दान्त अपराधी व हिस्ट्रीशीटर है तथा गहन पूछताछ पर बता रहा है कि मैं एकान्त रास्ते से अवैध असलहे के व्यापार के लिए जा रहा था कि पुलिस द्वारा रोकने व पकड़ने पर डरकर फायर कर भागने का प्रयास किया। घायल अपराधी के कब्जे से एक पिस्टल देशी .32 बोर , एक अदद रिवाल्वर .32 बोर, दो अदद जिन्दा कारतूस .32 बोर, दो खोखा कारतूस .32 बोर व चोरी की एक मोटर साइकिल (बजाज प्लैटिना बिना नम्बर) बरामद हुई। घायल



अपराधी को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया गया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त की गिरफ्तारी से जनपद में इस तरह के अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगेगा। इसका लंबा आपराधिक इतिहास है। मु0अ0सं0 477/13 धारा 323/504/506 भादवि व 3(1) द, ध एससी/एसटी एक्ट थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 2–मु0अ0सं0 338/14 धारा 394/302 भादवि थाना चंदवक जनपद जौनपुर। 3–मु0अ0सं0 469/14 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना चंदवक जनपद जौनपुर। 4–मु0अ0सं0 717/14 धारा 3(1) गैगस्टर एक्ट थाना चंदवक जनपद जौनपुर। 5–मु0अ0सं0 216/20 धारा 504/506 भादवि थाना देवगाँव जनपद आजमगढ़। 6–मु0अ0सं0 69/21 धारा 171E/171G/504/506/507 भादवि व 3(1) द, ध एससीध्एसटी एक्ट थाना चंदवक जनपद जौनपुर। 7–मु0अ0सं0 70/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना चंदवक जनपद जौनपुर। 8–मु0अ0सं0 242/21 धारा 392/411 भादवि थाना चंदवक जनपद जौनपुर। 9–मु0अ0सं0 108/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना चंदवक जनपद जौनपुर। 10–मु0अ0सं0 109/22 धारा 10 उत्तर प्रदेश गुंडागर्दी नियंत्रण अधिनियम, 1970 थाना चंदवक जनपद जौनपुर। 11–मु0अ0सं0 174/22 धारा 60 आबकारी थाना चंदवक जनपद जौनपुर। 12– मु0अ0सं0 25/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में 1. विजयशंकर सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 2. निरीक्षक अपराध श्री नागेन्द्र प्रसाद सिंह थाना चन्दवक जनपद जौनपुर 3.उ0नि0 श्री अरुण पाण्डेय थाना चन्दवक जनपद जौनपुर 4.उ0नि0 श्री विजय शंकर सिंह थाना चन्दवक जनपद जौनपुर 5.उ0नि0 श्री ददन प्रसाद सिंह थाना चन्दवक जनपद जौनपुर 6.हे0का0 विनोद चतुर्वेदी ,हे0का0 संजय सिंह,हे0का0 विजय दूबे,हे0का0 त्रिलोकी सिंह,का0 निशान्त कुमार थाना चन्दवक जनपद जौनपुर।

## धूमधाम से मनाया गया श्री सर्वेश्वरी समूह संस्थान का 31 वां स्थापना दिवस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री सर्वेश्वरी समूह संस्थान शाखा समोधपुर का 31 वां स्थापना दिवस धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाखा के मंत्री श्रीकृष्ण पाल द्वारा पूजा अर्चना एवं परम पूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु एवं पूज्यपाद संभवराम जी के चित्र पर माल्यार्पण से किया गया। तत्पश्चात अघोरान्ना परो मंत्रः नास्ति तत्वम गुरौः परम् का संकीर्तन संगीत शिक्षक प्रेमनाथ सिंह द्वारा संगीतमय प्रस्तुति के साथ किया गया ।गांधी स्मारक विद्यालय संकुल के प्रबंधक एवं शाखा के उपाध्यक्ष हृदय प्रसाद सिंह (रानू) ने राष्ट्र एवं संपूर्ण समाज के लिए श्री सर्वेश्वरी समूह संस्थान के योगदान को सराहा। अपने वक्तव्य में उपाध्यक्ष ने कहा कि आज प्राणि– मात्र के कल्याण के लिए श्री सर्वेश्वरी समूह उत्कृष्ट कार्य कर रहा है ।उन्होंने बताया कि केवल समोधपुर शाखा ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यह संस्थान मानव मात्र की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। यह निजी स्वार्थ के लिए व्यक्तिगत पूजा–पाठ से बढ़कर है ।उन्होंने अपने संबोधान में कहा कि यह संस्था ईश्वर के साकार और निराकार दोनों स्वरूपों का पक्षधर है ।उन्होंने कहा कि संस्थान नर सेवा– नारायण सेवा की विचारधारा पर कार्य कर रहा है। श्री गांधी स्मारक इंटर कॉलेज समोधपुर के पूर्व प्रधानाचार्य व शाखा के कोषाध्यक्ष डा.रणजीत सिंह ने कहा कि जो अत्यधिक सरल, सुगम एवं सौम्य है,कठोर नहीं है वही अघोर है ।इससे बड़ा कोई मंत्र नहीं तथा गुरु से बड़ा कोई शब्द नहीं ।उन्होंने कहा कि यह संस्थान इस मत में विश्वास करता है कि पूजा न करने का वास्तविक एहसास ही ईश्वर की सच्ची पूजा है ।कोषाध्यक्ष ने कहा कि परमात्मा की भक्ति के लिए संसाधनों का कोई



विशेष महत्व नहीं है। सूर्य को दीप,जल को नैवेद्य तथा वायु को गंध मानकर ईश्वर का स्मरण किया जा सकता है ।सभी के प्रति दया भाव रखते हुए मानवता में सच्चा विश्वास, कर भला ,हो भला का स्वभाव ही अघोर है ।इसमें आडंबर का कोई स्थान नहीं है ।संस्थान तन की शुद्धि के बजाय मन की शुद्धि का पोषक है ।स्थापना दिवस समारोह में शामिल होकर मशहूर गायक सुरेश शुक्ल अत्यंत भाव विभोर हो उठे ।उन्होंने अपने अतीत को याद करते हुए कहा कि परम पूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु की चरण रज से धन्य समोधपुर की धरती को स्पर्श करके बिल्कुल अभिभूत हूं।अपनी जमीन से जुड़े रहकर मैं अपने आप को सौभाग्यशाली समझता हूँ।यहां हमारी पिछली यादें बसी हुई हैं ।गौरतलब है कि इस शाखा की स्थापना पूज्यपाद संभव राम जी ने 2 मार्च 1992 में किया था। बदलापुर शाखा के उपाध्यक्ष दल सिंगार सिंह (फौजी) एवं अन्य पदाधिकारियों ने भी कार्यक्रम में सहयोग किया। इस अवसर पर बृजेश सिंह सिंगर,आरपी सिंह प्राचार्य डीपीएड,डा.अरविंद सिंह,मनीष रावत,धर्मदेव शर्मा,सतीश सिंह,महेंद्र सिंह,राजनाथ सिंह, रविंद्र उपाध्याय,राम बख्श सिंह, वीरेंद्र सिंह,जितेंद्र बहादुर सिंह बबलू (जांचकर्ता) जयप्रकाश सिंह, संतोष पुजारी आदि लोग उपस्थित रहे।

### पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## गलतियां मानवीय भूल, सुधारने की जरूरत –कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के अवकाश प्राप्त छह कर्मचारियों का विदाई समारोह वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ की तरफ से गुरुवार को आर्यभट्ट सभागार में किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कर्मचारियों को स्नेह देते हुए कहा कि गलतियां मानवीय भूल है उसे माफ करने की नहीं सुधारने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के लिए आपसी सहयोग से कल्याण कोष बनाया



जाना चाहिए ताकि उसका उपयोग ऐसे समय पर किया जा सके। उन्होंने कहा कि हमारे कर्मचारी जो ईमानदारी से सेवा दिए हैं वह अवकाशप्राप्त के बाद भी नहीं बैठेंगें। कोई ना कोई नया काम में अपना जीवन व्यतीत करेंगे, मुझे यह पूरा विश्वास है। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने अतीत, वर्तमान और भविष्य को परिभाषित करते हुए अवकाश प्राप्त कर्मचारियों को आगे का जीवन जीने का टिप्स दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के बुलावे से मुक्ति मिली है समाज के बुलावे से नहीं। बुलावा तो काम करने वालों को आता ही रहेगा। वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने कहा कि आप का अवकाश विश्वविद्यालय से हुआ है समाज से नहीं। अब आपको सामाजिक जीवन में व्यस्त रहने या शुरू करने का समय आ गया है। आपकी जिम्मेदारी घर, परिवार और समाज के प्रति बढ़ गई है। शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ अध्यक्ष नन्द किशोर सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय में कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति अधिकारी सहयोग करें। उनके व्यवहारिक नजरिए से ही समस्याओं का समाधान हो जाएगा। विश्वविद्यालय के विकास में भी कर्मचारियों का विशेष योगदान रहता है। महामंत्री रमेश यादव ने ने अवकाश प्राप्त कर्मचारियों को बधाई देते हुए उनके स्वस्थ और आनंद रहने की कामना की। स्वागत भाषण पूर्व अध्यक्ष रामजी सिंह, संचालन डॉ राजेश सिंह और धन्यवाद ज्ञापन केशव प्रसाद यादव ने किया। इस अवसर पर सहायक कुलसचिव अमृतलाल, बबिता सिंह, अजीत सिंह, राजेश सिंह समेत कई अधिकारियों ने कुलपति प्रो निर्मला एस मौर्य को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद अवकाश प्राप्त कर्मचारी उदयराज पटेल, जनार्दन राम, मुरारी राम, त्रिलोकी नाथ यादव, रमेश कुमार सिंह, दीनानाथ यादव को विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने पुष्प कुछ भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर डॉ लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, राजेश सिंह, डा. पीके कौशिक, मदनमोहन भट्ट, हेमंत श्रीवास्तव, श्याम त्रिपाठी, सुबोध कुमार पाण्डेय, डॉ स्वतंत्र कुमार, कपिल कुमार त्यागी, डॉ अमित वत्स, सुनील कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह,ध सुशील कुमार प्रजापति, अशोक सिंह, रजनीश सिंह, रमेश पाल, राजनारायण सिंह,आनंद कुमार सिंह, आशुतोष कुमार सिंह, इन्द्रेश गंगवार, राजेश गुप्ता आदि शामिल थे।

## समाजसेवी रामानुज सिंह ने चाइनीज वस्तुओं का किया बहिष्कार

अयोध्या ।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) समाजसेवी रामानुज सिंह रामा के नेतृत्व में आगामी होली त्यौहार को देखते हुए चाईनीज समानों की होली जलाई गयी। समानों की होली जलाने के साथ लोगो से इस त्यौहार पर स्वदेशी समानों की खरीदनें की अपील की गयी। इसके साथ आत्मनिर्भर भारत के निमार्ण में अपना योगदान देने के प्रति संकल्प लिया गया ।समाजसेवी रामानुज सिंह रामा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकल फॉर वोकल अभियान के तहत होली पर स्थानीय सामग्रियों के खरीद की अपील की थी। मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। हमें स्वदेशी वस्तुओं की खरीद को प्राथमिकता देनी चाहिए। अगर हम चाइनीस वस्तुओं का बहिष्कार करेंगे व स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएंगे तो भारत आत्मनिर्भरता की राह पर तेजी से गतिशील होग। चाइनीज वस्तुओं के बहिष्कार के लिए होलिका दहन के पहले चाइनीज वस्तुओं का दहन किया गया है। कार्यक्रम में हेमंत सिंह अमित श्रीवास्तव धर्मपाल पांडेपार्षद पद प्रत्याशी पवन यादव वरिष्ठ समाजसेवी अजय यादव धर्मवीर यादव रवि गुप्ता अंकित सिंह तुलसी उद्यान संदीप यादव कवि अशोक कादंबरी वं अन्य सामाजिक संगठनों के सदस्य मौजूद रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

**ईमानदारी और परिश्रम का फल देर से पकता है पर होता बहुत मीठा है।**

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# आर्थिक विकास : क्या दक्षिण को उत्तर दे पाएगा उत्तर प्रदेश

हालांकि निवेश के बड़े वादे धरातल पर उतरने में समय लेते हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश का निवेश महाकुंभ उद्योग–धंधों के स्वागत की एक गंभीर कोशिश दर्शाकर संपन्न हुआ है। इसने पहली बार यह उम्मीद जगाई कि उत्तरी राज्य खुशहाली के मोर्चे पर दक्षिणी राज्यों को टक्कर दे पाएंगे।

पिछले तीन दशकों में दक्षिणी राज्यों की आर्थिक बेहतरी का सिक्का इस कदर जमा कि यह सवाल ही बेमानी हो चला था कि आखिर कब जाकर उत्तर भारत के राज्य आर्थिक विकास में दक्षिण भारत का मुकाबला करने की स्थिति में आ पाएंगे। पर आज जब उत्तर प्रदेश 33.5 लाख करोड़ रुपये के ताजा–ताजा निवेश वादों के पहाड़ पर बैठकर सुस्ता रहा है, क्या हम इस सवाल को उठा सकते हैं? किसी भी प्रबुद्ध उत्तर भारतीय की अस्मिता को एक पवित्र चुनौती देने वाला यह सवाल, सिर्फ अर्थशास्त्र के विद्यार्थियों के लिए ही नहीं, सभी के लिए महत्वपूर्ण है। मगर इस पर आने से पहले एक नजर डालनी होगी कि दक्षिण बनाम उत्तर की यह बहस आखिर कब और कैसे पनपी और हाल ही में इसमें कौन–सा नया मोड़ आ गया है।

भारत राष्ट्रराज्य के इतिहास की यह एक सत्यकथा है। 75 साल पहले आजादी मिलने के समय तो सभी राज्य कमोबेश एक जैसे ही पिछड़े और साधनसीमित थे। मगर सत्तर के दशक के आरंभ से, दक्षिणी राज्यों के आर्थिक–सामाजिक सूचकांक सुधरते चले गए। शिशु मृत्यु दर, जच्चा मृत्यु दर, जीवन संभाव्यता, पांच वर्ष के आयु से पहले की मृत्युदर, जन्म दर, कन्या भ्रूण हत्या दर, रोग प्रतिरोधक टीकाकरण की दर, प्रति व्यक्ति आय, प्राथमिक स्कूलों में दाखिले की दर– लगभग हर पैमाने पर केरल, तमिलनाडु, आंध्र और कर्नाटक संभलते गए। शिशु मृत्यु दर का केरल का आंकड़ा छह से सात के दायरे में है, जो अमेरिका से टक्कर लेता है। मगर उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश का यह आंकड़ा आज भी चिंताजनक है और अफगानिस्तान, सूडान, नाइजर जैसे देशों के समकक्ष है।

केरल की अगुआई में दक्षिण ने जनसंख्या नियंत्रण में भी अग्रणी भूमिका निभाई। वर्ष 1971 में केरल और राजस्थान की आबादी करीब बराबर थी। आज राजस्थान की आबादी केरल से दोगुनी है। इस बीच बंगलूरू की पहचान भारत की सिलिकॉन वैली की बन गई। हैदराबाद साइबराबाद हो गया। केरल साक्षरता का रोल मॉडल बनकर उभरा। तमिलनाडु स्कूलों में मिड डे मील जैसी स्कीम लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना और देखते–देखते उसने स्कूली दाखिलों में इजाफे के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए।

देशों या अंचलों की आर्थिक तुलना कोई पाप नहीं। आधुनिक अर्थशास्त्र की नींव में ही ऐसी जिज्ञासाएं हैं। इसकी सबसे अच्छी मिसाल है 1776 में लिखी गई अर्थशास्त्र के पितामह एडम स्मिथ की कालजयी पुस्तक–एन इंक्वायरी इंटू द नेचर ऐंड कॉजेस ऑफ वेल्थ ऑफ नेशंस। उसके कोई दो सदी बाद भी जीडीपी–जीएनपी की अवधारणा को जन्म देने वाले नोबेल विजेता अर्थशास्त्री साइमन कुजनेट्स भी विभिन्न देशों की आय का तुलनात्मक अध्ययन ही कर रहे थे। लिहाजा, यदि दक्षिण भारत के डाटा वैज्ञानिक नीलकांतन आरएस ने हाल में प्रकाशित अपनी किताब–साउथ वर्सेज नॉर्थ–इंडियाज ग्रेट डिवाइड– में उत्तर के मुकाबले दक्षिण भारत को अधिक खुशहाल साबित किया है, तो इसमें कोई हर्ज नहीं। आखिर कुछ बरस पहले, अर्थजगत के दो दिग्गज–अमर्त्य सेन और जगदीश भगवती–भी तो क्रमशः केरल व गुजरात को आमने–सामने रखकर बहुचर्चित 'सेन–भगवती डिबेट' को आकार दे रहे थे। जगदीश भगवती जहां गुजरात मॉडल की तर्ज पर सामाजिक न्याय के बजाय तेज आर्थिक विकास को वरीयता देने का तर्क दे रहे थे, वहीं अमर्त्य सेन केरल की मिसाल देकर कह रहे थे कि तेज आर्थिक विकास नहीं, शिक्षा–स्वास्थ्य को वरीयता देकर सामाजिक न्याय को सर्वोपरि रखने की नीति से ही सच्चा विकास होता है।

बहरहाल, इस पूरी बहस में नया मोड़ यह है कि उत्तर भारत को पिछड़ा बताने की सात्विक अर्थशास्त्रीय बहस अब दुराग्रहों की तरफ जा रही है। मसलन साउथ वर्सेज नॉर्थ के लेखक नीलकांतन कहते हैं कि दक्षिणी राज्यों को जनसंख्या नियंत्रण की सजा मिल रही है। आरोप है कि चूंकि 15वें वित्त आयोग ने 2011 की जनगणना के आंकड़ों को धनराशि आवंटन का आधार बनाया है, कम आबादी वाले दक्षिण भारतीय राज्यों को कम केंद्रीय संसाधन मिल रहे हैं, जबकि उत्तर प्रदेश औसत आर्थिक सूचकांकों के बावजूद महज आबादी के अनुपात की बदौलत ज्यादा केंद्रीय संसाधनों पर कब्जा कर रहा है। आरोप यह भी है कि जीएसटी व्यवस्था के कारण दक्षिण राज्यों की हैसियत नगरपालिकाओं जैसी हो गई है। यह आशंका भी जताई जा रही है कि परिसीमन आयोग की आगामी कार्रवाई में अपेक्षाकृत कम आबादी होने के कारण दक्षिणी राज्यों की संसदीय व विधानसभा सीटें भी कम हो सकती हैं। कुल मिलाकर आरोप है कि केरल सरीखे कक्षा में अव्वल रहने वाले छात्रों को तो सजा मिल रही है और यूपी–राजस्थान जैसे फिसड्डी छात्रों को इनाम दिए जा रहे हैं।

दक्षिण बनाम उत्तर के इस वैचारिक समुद्रमंथन से निकले विषामृत को गंभीरता से देखना–समझना चाहिए। यह बहस बताती है कि 70 के दशक में स्वास्थ्य और शिक्षा के ढांचे को तरजीह की रणनीति ने दक्षिण की नींव को मजबूत किया। एक तर्क यह है कि एक सदी पहले पेरियार जैसे महानायकों के नेतृत्व में आरंभ हुए द्रविड़ आंदोलन से उपजी जागरूकता ने साठ के दशक में निम्न मध्यम वर्ग को शिक्षित बनाकर क्षेत्रीय विकास की पूर्वपीठिका तैयार की, जबकि उत्तर भारत में आंबेडकर, लोहिया के दर्शन को राजनीतिक यथार्थ में उतारने वाले राजनीतिक आंदोलनों ने कुछ विलंब से आकार लिया। तर्क यह भी है कि दक्षिण के राजनीतिक जनमानस पर हावी शिक्षा–स्वास्थ्य के ठोस आग्रहों की तुलना में उत्तर भारत की राजनीतिक–सामाजिक चेतना पर मंडल–कमंडल के भावनात्मक आग्रहों के हावी होने से अंतर बढ़ा।

इसी पृष्ठभूमि में, मूल सवाल पर लौटना होगा कि क्या निवेश का नया चुंबकप्रदेश बनकर उभरा उत्तर प्रदेश दक्षिण दर्प का मर्दन करने को तैयार है। क्या वह फिसड्डी या बीमारू का ठप्पा मिटाने के निर्णायक मुकाम पर आ गया है? क्या बीते पखवाड़े लखनऊ में योगी सरकार के अफसरशाहों के हाथों में थमाए गए 18,643 निवेश आशय पत्र कागज का पुलिंदा मात्र हैं या वाकई वे धरातल पर उतरकर करोड़ों गरीबों को रोजगार देंगे? पिछला रिकॉर्ड तो एमओयू के आंकड़ों को संशय से देखने की सलाह देता है। लेकिन वादों को वफा होते भी देखा गया है और देश–विदेश में यूपी सरकार ने रोड शो के आयोजनों में जिस तरह पापड़ बेले हैं, उससे प्रयासों की ईमानदारी तो झलकी ही है। मगर उत्तर प्रदेश के लिए दक्षिण का एक सबक स्पष्ट है। जनशिक्षा और जनस्वास्थ्य को केंद्र में रखने वाला समावेशी विकास सुनिश्चित किए बगैर ये निवेश परियोजनाएं सार्थक नहीं होंगी।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## डॉक्टर राम प्रताप सिंह बने प्रदेश उपाध्यक्ष



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। अखिल भारत हिंदू महासभा का प्रदेश उपाध्यक्ष पद डॉ रामप्रताप सिंह को सौंपा गया है। मनोनयन पर अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है।

## ऑल इंडिया पोस्टल एकाउंट्स इम्पलॉइज एसोसिएशन द्वारा 25वां अधिवेशन हुआ संपन्न

मृत्युंजय प्रताप सिंह की रिपोर्ट लखनऊः अखिल भारतीय डाक लेखक कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने बताया हमारे अधिवेशन का ओपन सीजन का कार्यक्रम, जिसमें कनफेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव द्वारा परासर, NFPE के राष्ट्रीय महासचिव CITU उत्तर प्रदेश के महासचिव पी एन राय, संघ के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड S-B-Yadav पेंशनर्स संघ के साथियों एवं विभिन्न राज्यों से आये हुए डेलिगेट्स ,Observers Visitor's इत्यादि द्वारा भाग लिया गया। संघ द्वारा इस अधिवेशन में अपने कार्यकारिणी के लिए किये कार्यों एवं कार्यकारिणी का चुनाव साथ ही डाक लेखा द्वारा जुड़ी हुयी कर्मचारी मांगो की विशेष रूप से चर्चा की जाएगी। जिसमें NPS को समाप्त करके OPS को लागू करने कैडर स्ट्रक्चर खाली पदों को




अतिशीघ्र भरे जाएं, अनुकंपा आधारित सभी की भर्ती की जाये , साथ ही डाक लेखा की विकेंद्रीकरण की व्यवस्था को रद्द करने की मांग शामिल है।

## डीएम के विदाई सम्मान समारोह में भाव विभोर हुआ कलेक्ट्रेट परिवार

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : जिलाधिकारी रवीश गुप्ता का विदाई सम्मान समारोह कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों कर्मचारियों व जनता जनार्दन के बीच सम्पन्न हुआ। "विदाई सम्मान समारोह" में निवर्तमान जिलाधिकारी रवीश गुप्ता को बैण्ड बाजे के साथ पुष्प गुच्छ व स्मृतिचिन्ह देकर सब ने अपना आभार व्यक्त किया। उक्त विदाई सम्मान समारोह में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) बी0 प्रसाद, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) मनोज कुमार पाण्डेय, मुख्य राजस्व अधिकारी शमशाद हुसैन, एसडीएम बल्दीराय महेंद्र कुमार श्रीवास्तव तहसीलदार घनश्याम भारतीय, समस्त कलेक्ट्रेट, समाजसेवी, जनपदवासी उपस्थित रहे। सभी ने जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की सरलता, सौम्यता, मिलनसार व्यक्तित्व की मुक्तकंठ से सराहना की। उक्त अवसर पर सभी कलेक्ट्रेट परिवार द्वारा गमगीन माहौल में जिलाधिकारी को विदाई व शुभकामनाएं दी गयी। विदाई सम्मान समारोह में सभी ने जिलाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी ने अपने–अपने अनुभवों को साझा किया। बार एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी के विदाई सम्मान समारोह में जिलाधिकारी की सहजता व सरलता का सब ने बखान किया। "विदाई सम्मान समारोह" में जिलाधिकारी ने जनपदवासियों, अधिकारियों, कर्मचारियों के द्वारा स्नेह व विश्वास जताने के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मेरे लगभग 2.5 वर्ष के सेवा काल में मुझे सभी अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व जनता जनार्दन का भरपूर, सहयोग, स्नेह व प्यार मिला, जो मेरे जीवन की अमूल पूंजी है। जिलाधिकारी द्वारा अपने अनुभवों को सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से साझा किया गया।




उन्होंने कहा कि जनपद सुलतानपुर में मेरे नेतृत्व में अच्छे अधिकारियों की एक टीम गठित हो गयी थी, जो जनसमस्याओं को निपटाने में सहजता से काम आयी। हम चाहते हैं कि आगे भी वह टीम कार्य करती रहे, जिससे जनसमस्याओं का निस्तारण होता रहे। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के समक्ष प्रशासनिक गुणों के बारे में बहुत ही सहजता के साथ रखा। इसी प्रकार सहज, सरल स्वभाव के धनी आदरणीय जिलाधिकारी महोदय को विदाई सम्मान समारोह विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में आयोजित किया गया। प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक के नेतृत्व में समस्त विकास भवन परिवार के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा जिलाधिकारी को पुष्प गुच्छ व स्मृतिचिन्ह देकर आभार व्यक्त किया गया। पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा द्वारा भी जिलाधिकारी के विदाई सम्मान समारोह में प्रतिभाग किया गया। पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा ने अपने उद्बोधन में जिलाधिकारी के साथ विताये हुए संस्मरणों को साझा किया। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी के सरलता का बखान शब्दों में नहीं किया जा सकता है। उनके साथ रहने से मेरा भी कार्य बहुत आसान हो जाता था। उन्होंने जिलाधिकारी को अग्रिम भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी।

## महंगाई की मार झेल रही आम जनता पर केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा पुनः रसोई गैस के दामों में 50 रुपये की बढ़ोतरी कुठाराघात– उ0प्र0 कांग्रेस

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा घरेलू रसोई गैस के दामों में एक बार फिर से 50/– रुपये की वृद्धि देश की आम जनता पर गहरी चोट है। जिसको लेकर आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी जी के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से विधानसभा की ओर रुख करते हुए विरोध प्रदर्शन किया जहां पर पुलिस प्रशासन ने उन्हें विधानसभा जाने से रोक दिया जिसके विरोध में कांग्रेसजन धरने पर बैठ गये। अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजलाल खाबरी जी ने कहा कि जब से देश एवं प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें सत्ता में आई है महंगाई अपने चरमोत्कर्ष पर है। आए दिन खाद्य वस्तुओं आटा, दाल, सरसो के तेल इत्यादि के दाम आसमान छू रहे हैं परन्तु सरकार को देश की आम जनता की कोई परवाह नहीं है वह अपने पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने की दिशा में कार्य कर रही है जो कि देश की भोली भाली जनता पर सीधा कुठाराघात है। खाबरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सदैव जनहितों के मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए सदन से लेकर सड़क तक संघर्षरत रही है। कांग्रेस घरेल गैस के दामों में हुई अप्रत्यासित वृद्धि का सख्त विरोध करती है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार जल्द से जल्द बढ़े हुए दामों को वापस नहीं लेती है तो कांग्रेस पार्टी अपने प्रदर्शन का और भी अधिक उग्र स्वारूप प्रदान करेगी। खाबरी ने कहा कि भाजपा सरकार देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को अडानी समूह को बेच रही है और एसबीआई और एलआईसी जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों को निवेश करने के लिए जबरिया मजबूर कर रही है जिससे देश के गरीब और मध्यम वर्ग की जनता की गाढ़ी कमाई की करोड़ों रूपये की बचत खतरे में पड़ गयी है। आम जनता की गाढ़ी कमाई पर कांग्रेस पार्टी किसी भी कीमत पर डाका नहीं डालने देगी और



इसके खिलाफ सड़कों पर उतरकर संघर्ष करेगी। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, नकुल दुबे, पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, इन्दल रावत, प्रदेश महासचिव सुबोध श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव बृजेश सिंह, मीडिया संयोजक अशोक सिंह, प्रदेश प्रवक्ता पंकज तिवारी, संजय सिंह, मुकेश सिंह चौहान, विकास श्रीवास्तव, रफत फातिमा, प्रियंका गुप्ता, जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, द्विजेन्द्र राम त्रिपाठी, वीरेन्द्र मदान, अमरनाथ अग्रवाल, रमेश मिश्रा, संजय दीक्षित, पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, राजेश सिंह काली, नरेन्द्र दत्त त्रिपाठी, श्रीमती सुशीला शर्मा, शहाना सिद्दीकी, डॉ0 रेहान अहमद खान, अमित श्रीवास्तव त्यागी, डॉ0 शहजाद आलम, राकेश पाण्डेय, रंजीत यादव, शहनवाज खान, सुनील कुमार गौतम, प्रवीन खान, अख्तर अहमद खान, प्रज्ञा सिंह, के.के. शुक्ला, अनीस अख्तर मोदी, डॉ0 सुधा मिश्रा, संजय मौर्या, सुमन प्रजापति, अंकित तिवारी, तनवीर फातिमा, वर्चस्व पाण्डेय, प्रभाकर मिश्रा, नितान्त सिंह, रूबीना रईस, साबरा खातून, शिवम त्रिपाठी, सुनीता रावत, सुषमा मिश्रा, डॉ0 रिचा शर्मा, संजय श्रीवास्तव, परवेज मंसूरी, जितेन्द्र रावत, आलोक सिंह, हनीफ खान, अजय वर्मा, अयूब सिद्दीकी, विकास सक्सेना, अमन यादव, अकील अहमद खान, निजामुद्दीन, फरीद हुसैन, योगेश्वर सिंह, आफताब मोहसिन, मो0 सानू, जावेद मलिक, मो0 शरीफ, वेद प्रकाश राठौर, अमन सिंह चौहान, सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत उपचुनाव को लेकर बढ़ी सुरक्षा : पुलिस ने गांव में पैदल मार्च निकाला

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : ग्राम पंचायत प्रधान पद के उपचुनाव के मद्देनजर बुधवार को बल्दीराय थाना क्षेत्र के गौराबरा मऊ गांव में थाना पुलिस ने पैदल मार्च निकाला। ग्रामीणों को पूर्ण रूप से सुरक्षा का भरोसा देते हुए ग्राम पंचायत उपचुनाव में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वाले व्यक्ति पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी।ग्राम पंचायत उपचुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से थानाध्यक्ष अमरेन्द्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में ग्राम पंचायत में पैदल मार्च निकाला। इस बीच पुलिस ने पैदल मार्च निकालकर गाँव के लोगों को सुरक्षा का पूर्ण रूप से भरोसा दिलाया।थानाध्यक्ष अमरेन्द्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में निकाले गए



पैदल मार्च में लोगों से ग्राम पंचायत उपचुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने की अपील की गई।थानाध्यक्ष ने बताया कि ग्राम पंचायत उपचुनाव में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वाले व्यक्ति पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।पैदल मार्च में पारा चौकी इंचार्ज चन्द्र शेखर सोनकर, वलीपुर चौकी इंचार्ज राकेश कुमार ओझा,कई गाड़ियां और लगभग चार दर्जन पुलिस के जवान मौजूद रहे।

## मैं बीजेपी में हूँ और बीजेपी में रहूँगी पार्टी के ऊपर है मुझे टिकट दे या ना दें –मेनका गांधी

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : मां प्यार से बना जाता है उम्र से नहीं।मुझे जनता ने मां का प्यार इसलिए नही दिया कि हम उम्र में बड़े हैं या बड़े घराने से हैं।बल्कि हमने जनता से प्यार किया इस लिए मैं सबके लिए माँ जैसी हूँ।सांसद (मेनका गाँधी )ने खुद के दूसरे दल से चुनाव लड़ने की अटकलों पर विराम लगाते हुए कहा कि मैं बीजेपी में हूँ और बीजेपी में रहूँगी।पार्टी के ऊपर है, मुझे टिकट दे या ना दें।हमने सुल्तानपुर शहर को खूबसूरत बनाने का काम किया।सांसद मेनका गांधी ने सुनाई शिक्षक और विद्यार्थी के बीच चोरी की कहानी। कहा, जब शिक्षक फोन की चोरी कर रहे है,तो परीक्षार्थियों और विद्यार्थियों को क्या नसीहत देंगे। मेनका गांधी की चेतावनी पर शिक्षक ने परीक्षार्थी को सेल फोन लौटाया। सांसद मेनका गांधी ने कूरेभार ब्लॉक के ग्राम पंचायतों में चौपाल आयोजित कर बांटा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति पत्र। बल्दीराय ब्लाक के हैधना कला व धनपतगंज ब्लाक के विसांवा गांव में सांसद का नागरिकों से आवाहन किया कि लेखपालों को रिश्वत देने के बजाय मेरे पास आइए, हम आपकी समस्या का समाधान करेंगे। सांसद को अपने बीच पाकर अपनेपन के एहसास से नागरिकों में उत्साह का माहौल रहा।सांसद ने कहा कि मैंने अस्पताल,आक्सीजन,बिजली के जर्जर तार,प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत घर सबको देने का प्रयास किया।पूरे प्रदेश में सबसे अधिक आवास सुल्तानपुर को मिला।शेष जिन जरूरतमंद को आवास नही मिला उन्हें अप्रैल के बाद मिल जाएगा।आपने जो भी कहा उसे पूरा करने का काम मेरे द्वारा किया गया।और जो भी कार्य अभी शेष है उसे पूरी जिम्मेदारी से करने का प्रयास करूंगी।अलीगंज–वलीपुर से देहली बाजार होते प्रभातनगर



का रोड जो बहत्तर करोड़ से निर्मित होगा उसे भी स्वीकृति मिल गयी है।जिस पर जल्दी ही काम शुरू हो जाएगा,सांसद ने कहा कि बल्दीराय तहसील के पूर्वांचल एक्सप्रेस वे माइल स्टोन 96 पर जल्द ही टोल प्लाजा बनाया जायेगा।जिससे बल्दीराय क्षेत्र वासियों को पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर चढ़ने व उतरने के लिए सहूलियत होगी।इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि रंजीत सिंह,भाजपा जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा धर्मेंद्र तिवारी,,प्रधान प्रतिनिधि राजू सिंह,जिला पंचायत सदस्य बद्री नाथ यादव,प्रधान जय प्रकाश मिश्र,बीडीसी अजय मिश्र,आशीष मिश्रा,जितेंद्र मिश्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा विशाल जायसवाल,प्रधान प्रतिनिधि गुलाम हैदर बब्बू,प्रधान हजारी लाल,बलराम मिश्र,प्रदीप सिंह,लाल बहादुर यादव,अरुण मिश्र झब्बर शुक्ल,चंद्र भांन यादव,आचार्य सूर्यभान पांडेय,राजधर शुक्ल,इंस्पेक्टर अमरेन्द्र बहादुर सिंह,ठेकेदार गोनू मिश्र,अवधेश दुबे,दिलीप सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## गौराबारा मऊ में हो रहा चुनाव : कड़ी सुरक्षा के बीच वोट देने पहुँचे लोग

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : बल्दीराय थाना क्षेत्र के गौराबारा मऊ गांव में उपचुनाव के लिए मतदान शुरू है।कड़ी सुरक्षा के बीच वोट देने पहुँचे रहे लोग।गौराबारा मऊ ग्राम पंचायत में रिक्त चल रहे प्रधान पद के लिए आज मतदान शुरू है।कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान संपन्न होने के बाद शनिवार को मतो की गिनती होगी।प्रधान पद के उपचुनाव में आठ प्रत्याशी मैदान में है।करीब 2700 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।दरअसल ,बल्दीराय ब्लाक के गौराबारा मऊ गांव के प्रधान मुख्तार अली का बीमारी की वजह से निधन 1 जनवरी 2023 में हो गया था।तब से प्रधान के पद के लिए रिक्त चल रहा था।जिसके बाद आज रिक्त चल रहे ग्राम प्रध



ान के लिए मतदान शुरू हो चुका है।मतदान स्थल पर एसडीएम बल्दीराय महेंद्र कुमार श्रीवास्तव,सीओ राजा राम चौधरी,नायब तहसीलदार गुलाब सिंह,बल्दीराय थानाध्यक्ष अमरेंद्र बहादुर सिंह,पारा चौकी इंचार्ज चंद्रशेखर सोनकर स्थानीय पुलिस के अलावा पीएसी बल को भी तैनात किया गया है।

## कमांडर जीप व ट्रैक्टर के आमने सामने भिड़ंत से एक महिला की मौत 2 लोग घायल

गोरखपुर खजनी डी के यू हिन्दी दैनिक रवि कुमार : खजनी थाना अंतर्गत पल्हीपार हरनहीया मोड़ के पास सड़क हादसे में एक महिला की मौत 2 लोग घायल प्राप्त जानकारी के अनुसार रीता गिरी उम्र 35 वर्ष पत्नी बुद्ध प्रताप गिरी निवासी ग्राम शाहपुर थाना बेलघाट अंतर्गत जो आगनबाडी में कार्यरत है रोज की भांती गोरखपुर से सुबह 8:00 बजे ड्यूटी के लिए अपने ससुराल शाहपुर जाती हैं।और ड्यूटी पूरा हो जाने के बाद गाड़ी पकड़ कर फिर गोरखपुर अपने घर चली जाती है आज शाम को 5:00 बजे शाहपुर से कमांडर जीप यूपी 53 ।ज 7049 से सवार होकर गोरखपुर के लिए निकली थी। तभी जैसे ही खजनी थाना अंतर्गत पल्हीपार हरनहीया के पास पहुंची ही थी। तभी खजनी की ओर से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने आमने सामने से जोरदार टक्कर हो गई। ट्रैक्टर इतनी तेज थी कि कमांडर जीप में सवार सवारी सड़क पे गिरकर तड़पने लगे मौके पर राहगीरों ने डायल 112 और 108 पर सूचना



दी। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह, थाना प्रभारी संजय कुमार मिश्रा अपने हमराहीयों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। लेकिन एंबुलेंस आधा घंटा लेट पहुंचने पर सड़क पर ही महिला रीता गिरी उम्र 35 वर्ष पत्नी बुद्ध प्रताप एंबुलेंस का इंतजार करते–करते मौके पर दम तोड़ दिया घटना शाम 6:00 बजे कर 51मिनट की है। वही एक पुरुष का पैर फैक्चर हो गया। और दूसरी महिला की सर फटने से घायल हो गई। क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह थानाध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा मौके पर पहुंचकर निजी साधन से जिला अस्पताल भिजवाए। तथा मृतक महिला को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया ।

# स्व प्रभात जी हमेशा समाज की सेवा में लगे रहते थे –रवि श्रीवास्तव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्व प्रभात श्रीवास्तव ने चित्रगुप्त धर्मशाला निर्माण में अपना जीवन समर्पित कर दिया उक्त विचार राकेश कुमार श्रीवास्तव प्रदेश महामंत्री/ जिलाध्यक्ष कायस्थ महासभा ने आज चित्रगुप्त धर्मशाला रुहटा में कायस्थ समाज जौनपुर द्वारा आयोजित श्रंद्धाजलि सभा को सम्बोधित करते हुए राकेश श्रीवास्तव ने कहा की स्व प्रभात जी का योगदान भुलाया नहीं जा सकता। कायस्थ महासभा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि धर्मशाला कितना बड़ा व अच्छा बन जाये उसी के लिए स्व प्रभात श्रीवास्तव जी लगे रहते थे। कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय सचिव रवि श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि स्व प्रभात जी हमेशा समाज की सेवा में लगे रहते थे और सुखदुःख में साथ खड़े रहते थे मैं अपने बचपन के मित्र की खोकर दुःखी हु। कायस्थ कल्याण समिति के अध्यक्ष दयाल सरन श्रीवास्तव ने कहा कि प्रभात जी की देन हैं कि आज धर्मशाला ठीक स्थिति में है और प्रगति पर है। संगत पंगत के जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी ने कहा कि प्रभात जी ने अपने जीवनकाल में समाज के कई लोगों को रोजी रोजगार दिया और आज लोग कर रहे है। चित्रगुप्त सभा के उपाध्यक्ष व कायस्थ महासभा के अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि प्रभात जी के निधन से समाज की अपुर्णनिय क्षति हुई है और समाज मर्माहित हैं। कायस्थ महासभा के प्रदेश प्रवक्ता विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार ने कहा कि स्व प्रभात श्रीवास्तव जी समाज के सच्चे हितैषी



थे और सेवा में लगे रहते थे।चितगुप्त धर्मशाला को यहां तक पहुचने में इनका अपूरणीय योगदान रहा।उनके अधूरे काम को पूरा करना हम सबके लिये उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। स्व प्रभात श्रीवास्तव जी के श्रंद्धाजलि सभा में कायस्थ महासभा के प्रदेश सचिव उमेश श्रीवास्तव जी, कायस्थ महासभा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी डॉ संजय श्रीवास्तव डी एन ए स्पेलिस्ट, संगत पंगत महिला अध्यक्ष डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव, कायस्थ महासभा के उपाध्यक्ष हरीश चंद्र श्रीवास्तव, संगत पंगत के उपाध्यक्ष शरद श्रीवास्तव,संदीप श्रीवास्तव पत्रकार, डमडम भाई,अमर श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव टेन्ट, अभिषेक श्रीवास्तव जिक्की, विनोद श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव अंकित श्रीवास्तव रजत श्रीवास्तव पार्थ श्रीवास्तव सहित कायस्थ समाज के सभी संगठनों के सैकड़ों लोगो ने श्रंद्धाजलि अर्पित किया। संचालन कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय महासचिव राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया एडवोकेट ने किया।

## स्कूल में कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत तहसील के हुरूहुरी में स्थित एसडी पब्लिक स्कूल में कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का किया गया आयोजन। जिसका उद्घाटन विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ओम प्रकाश सिंह ने फीता काटकर व सरस्वती बंदन के साथ किया। तत्पश्चात विद्यालय परिसर में आए हुए अतिथियों ने विशिष्ट अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया।इसके बाद मुख्य अतिथि के साथ आए हुए समस्त अतिथि बच्चों द्वारा कला एवं विज्ञान के संदर्भ में लगाई गई प्रदर्शनी को देखकर उनके संबंध में जानकारी ली इस दौरान विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ओम प्रकाश सिंह ने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि यहां के बच्चे होनहार हैं और इनकी प्रतिभा भी उसी प्रकार होनहार है। इस प्रकार का आयोजन हर विद्यालयों द्वारा किया जाना चाहिए। जिससे बच्चों की प्रतिभा को निखारा जा सके। और उन्होंने यह भी कहा कि एसडी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने जो मनुष्य का हृदय बनाया है और जो उसके संदर्भ में जो जानकारी दी वह काफी सराहनीय रही और इस प्रदर्शनी में भगवान रामलला का भव्य मंदिर जो अयोध्या में बन रहा है उसकी भी प्रदर्शनी लगाई गई थी जिसके संदर्भ में भी विशिष्ट अतिथि ने जमकर सराहा और सभी बच्चों को यह संदेश दिया कि इन बच्चों के अंदर प्रतिभा कूट–कूट कर भरी हुई है लेकिन बस उनको तराशने की जरूरत है और उन्होंने स्कूल के प्रबंधक डॉ राजेश सिंह और प्रिंसिपल जुबेर हसन को भी धन्यवाद ज्ञापित किया कि इन लोगों के सानिध्य में विद्यालय के बच्चे यहां से निकल कर आगे बढ़ रहे हैं यह अपने आप में केराकत तहसील के लिए गौरव की बात है और उन्होंने यह भी कहा कि व्यवहारिक ज्ञान के साथ–साथ बच्चों में भौतिक ज्ञान का भी होना बहुत जरूरी है जिससे यहां से बच्चे निकल कर देश के लिए नाम रोशन कर सकें और इस कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का संचालन सुहानी पाठक ने किया और इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ओमप्रकाश सिंह,प्रबंधक डॉ राजेश कुमार सिंह,प्रिंसिपल जुबेर हसन, सर्वेश दीक्षित, अमरनाथ राय, देवेंद्र सिंह अन्नू सिंह ,नरेंद्र यादव लेखपाल, व स्कूल के अध्यापकों के साथ–साथ स्कूल के सैकड़ों बच्चों व बच्चों के अभिभावक गण मौजूद रहे।

# 08 मार्च को जनपद की समस्त देशी व विदेशी शराब की दुकाने बन्द रहेगीं –एम0पी0 सिंह

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी तथा थानाध्यक्षों से कहा है 07 मार्च होलिका दहन, 08 मार्च रंग पर्व तथा 09 मार्च 2023 को होली मिलन का त्यौहार मनाया जायेगा और इस त्यौहार के अवसर पर इस बात पर ध्यान रखें कि होली का त्यौहार हर्षोउल्लास, आपसी सद्भाव तथा शांति पूर्ण ढ़ग से शोभनीय वातावरण में मनाया जाये। जिलाधिकारी ने सभी उप जिला मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी तथा थानाध्यक्षों को निर्देश दिये है कि होली के त्यौहार के कुछ दिन पूर्व से ही समस्यायें उत्पन्न होने की सम्भावनाएं बन जाती है जैसे समय से पूर्व होलिका जला देना, आने जाने वाले लोगों पर इच्छा के विरू, रंग अथवा कीचड़ आदि फेकना, महिलाओं व लड़कियों के साथ छेड़खानी कराना, होली खेलने में नुकसान पहुंचाने वाले पदार्थ लगाना, शराब के नशे में हुड़दंग करना, होली का स्थान बदलना, शरारती तत्वों द्वारा गलत तरीके से छप्पर–झोपड़ी आदि को होली में डालना आदि को दृष्टिगत रखते हुए अपने क्षेत्रों में सघन भ्रमण करते हुए सभी बिन्दुओं पर कड़ी निगाह रखें और कोई प्रकरण संज्ञान में आने पर उसका निराकरण कराते हुए संबंधित के विरूद्व कड़ी कार्यवाही करें। उन्होने कहा है कि सभी अधिकारी ऐसे स्थलों की पहचान कर ले जहां राहगीरों, दुकानदारों एवं वाहन चालकों आदि से जबरदस्ती चन्दा वसूली, चलती रेलगाड़ी, बसों आदि वाहनों पर कीचड़, रंग भरे गुब्बारे व पत्थर फेकने से उत्पन्न होने की सम्भावना हो, और इसकी सुरक्षा के लिए पीस कमेटी की बैठक आहूत समस्याओं के निपटाने के लिए भरपूर प्रयास करें तथा समिति को अवगत कराये कि होली खेलने के दौरान रंग के अलावा किसी हानिकारक कैमिकल का प्रयोग नहीं किया जायेगा। श्री सिंह ने कहा है कि 08 मार्च 2023 को जनपद की समस्त देशी व विदेशी शराब की दुकाने बन्द रहेगी और इसका संबंधि



त अधिकारी कड़ाई से पालन कराना सुनिश्चित करें और जिस स्थान पर होली रखी जाये वहां किसी प्रकार का ज्वलनशील पदार्थ न हो और ऊपर से बिजली के तार न निकले हो। उन्होने सभी ईओ को कड़े निर्देश दिये है कि पानी की पर्याप्त व्यवस्था बनाये रखने के लिए पम्पों से सभी टंकियों को ऍडवांस में भरा लें तथा अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिये है कि होली पर्व पर विद्युत आपूर्ति बाधित न हो। जिलाधिकारी ने सभी उप जिला मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिये है कि अपने उपखण्ड के संवेदनशील स्थानों पर मजिस्ट्रेट/अधिकारी की डयुटी लगाये और तैनात अधिकारी को दायित्व होगा कि होली त्यौहार के सम्बन्ध में उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन करें ताकि होली त्यौहार शान्तिमय वातावरण में सम्पन्न हो और साम्प्रदायिक सद्भाव बना रहे। जिलाधिकारी ने कहा है कि सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये है कि होली के संवेदनशील त्यौहार को पूर्ण सजगता एवं विवेक से स्थिति का पूर्व आंकलन करके निर्देशों का पालन कराते हुए शान्ति पूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास से सम्पन्न करायें और किसी भी अप्रिय घटना के सम्बन्ध में मुझे एवं पुलिस अधीक्षक को तत्काल अवगत करायें।

## बड़े घरेलू गैस और व्यवसायिक सिलेंडर के दाम को कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : बड़े घरेलू गैस सिलेंडर और व्यवसायिक सिलेंडर के दाम को मुद्दा बनाते हुए कांग्रेसियों ने घेरा कलेक्ट्रेट। मुख्य गेट पर आवागमन बंद कर शुरू हुआ प्रदर्शन,फंसे एडीएम वित्त एवं




राजस्व। सिलेंडर का प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसियों ने लगाए पीएम मोदी मुर्दाबाद के नारे। होली की गुझिया फीकी होने के स्लोगन के साथ तख्ती पोस्टर लेकर किया प्रदर्शन । कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ महिला कार्यकर्ता भी हुई शामिल। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर एसडीम सदर सीपी पाठक,सीओ सिटी राघवेंद्र चतुर्वेदी और नगर कोतवाल राम आशीष उपाध्याय पुलिस बल के साथ मुस्तैद।

# सुल्तानपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री नें किया जिले भर में भ्रमण

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह भ्रमण के जरिये विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुये। इस दौरान उन्होंने लोगों का हाल चाल लिया, साथ ही उनके सुख दुःख में शामिल हो अपनत्व का



अहसास भी कराया। शुरुवात विनोद सिंह ने लंभुआ के बड़ा गांव से की, जब। भगवती प्रसास सिंह और पूर्व प्रधान बृजेश सिंह के यहां पहुंच कर पुराने लोगों से मुलाकात की और हाल चाल किया। यहां के बाद पूर्व मंत्री नूरमपट्टी गांव पहुंचे और प्रधान राजू सिंह ने यहां पूर्व में आयोजित भागवत कथा उपरांत प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही वहां मौजूद लोगों से मुलाकात कर कुशलक्षेम लिया। इसके बाद विधायक विनोद सिंह फुटेला गांव पहुंचे दिलीप सिंह की बड़ी माता जी के निधन पर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। यहां के बाद वे कादीपुर के खालिसपुर गोपालपुर धर्मनपुर गांव में डॉ सुशील पाण्डेय के घर पहुंचे और उनके माता जी के निधन पर शोक जताया और परिजनों से संवेदना व्यक्त की।

# दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में नशा नहीं रक्त दान करनें पर जोर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर निफा(नेशनल इंटिग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्टस एंड एक्टिविस्टस ) द्वारा 75 दिनों तक पूरे देश में लगातार चलाए गये स्वैच्छिक रक्तदान अभियान में भाग लेने वाले सभी प्रांतो के एनजीओ/ संस्था प्रमुखों को स्वैच्छिक रक्तदान एवं सम्मान समारोह हेतु दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का




आयोजन दिनांक 26–27 फरवरी 2023 को डॉ. मंगलसेन आडिटोरियम करनाल, हरियाणा में किया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन हरियाणा के मुख्यमंत्री मोहनलाल खट्टर जी ने किया। कार्यक्रम को विभिन्न सत्रो में संजय भाटिया (एम.पी.), जगजीत सिंह डरडी(पद्ममश्री अवार्डी), अनीश यादव (आई.ए.एस.), गंगा राम पुनिया (आई.पी.एस.), सिबाश कविराज(आई.जी, हरियाणा), पंकज नैन (डाइरेक्टर स्पोर्टस एंड यूथ अफेयर्स ऑफ हरियाणा), वी.कामराज एडीजीपी व आयोजक प्रीतपाल सिंह पन्नू राष्ट्रीय चेयरमैन (निफा) आदि ने संबोधित किया। जौनपुर जिला से ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति सिंगरामऊ, की सचिव/प्रबंधक डॉ. अंजू सिंह को राष्ट्रीय रक्त नायक अवार्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पिछले वर्ष भी डॉ अंजू सिंह/ ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड का पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट और निफा के तहत इंटरनेशनल लाईफ सेवर अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया था। कार्यक्रम का मुख्य थीम पूरे देश में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करने पर जोर देना था ताकि देश रक्तदान के क्षेत्र में आत्म निर्भर बन सके। प्रीतपाल सिंह पन्नू जी ने कहा कि पुरे विश्व में सबसे अधिक युवा हमारे देश में हैं अगर चार सालो में एक बार एक व्यक्ति रक्तदान करता है तब भी हमारी आवश्यकताएं पूरी हो जाएगी । उन्होंने नवयुवकों से नशा से दूर रहने की सलाह दी । डॉ. अंजू सिंह ने लोगों से रक्तदान के लिए बढ़ चढ़ के हिस्सा लेने की अपील की । महिलाओं को उचित खान–पीन के द्वारा अपना हिमोग्लोबिन बढ़ाने की जरुरत है ताकि वे भी इस राष्ट्रीय महादान कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले सकें।

## पति पत्नी की पिटाई का आरोप : पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) आबादी की जमीन के विवाद को लेकर पति–पत्नी की बुरी तरह पिटाई करने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने गांव के ही विपक्षी पांच आरोपियों के विरुद्ध धारा 147, 148, 308, 323, 427 आईपीसी में अभियोग पंजीकृत किया गया है।मारपीट की वीडियो भी वायरल हुई थी। कोतवाली क्षेत्र कोदयला गांव निवासी सुमन यादव पत्नी बृजेश कुमार यादव की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज हुई है। आरोप है कि 26 फरवरी रविवार दोपहर गांव के ही विपक्षी राम तीरथ, विवेक यादव , विकास यादव, विशाल यादव, निखिल यादव ने उसकी दीवाल को तोड़कर जमीन पर गिरा दिया। विरोध करने पर उनके पति बृजेश कुमार यादव को लाठी डंडा व लात घूसों से मारना शुरू कर दिया। हमले में उनके पति गंभीर चोट लगने के चलते बेहोश हो गए। जब वह बीच–बचाव करने के लिए दौड़ी तो विपक्षीगणो ने उसे भी मारा पीटा। हल्ला गुहार मचाने पर आरोपी मौके से चले गए। हमले में घायल पति बृजेश कुमार यादव को उपचार के लिए सीएचसी बीकापुर लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## 14 वीं पुण्यतिथि पर पूर्व अध्यक्ष को हिंदू महासभा ने किया नमन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बाबा कृष्णमोहन दास आश्रम चंद्रद्वितेश्वर नाथ महादेव मंदिर, रामघाट संस्थापक व अखिल भारत हिंदू महासभा संत प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत कृष्णमोहन दास महाराज को संतों ने शिद्दत से याद किया। मौका था उनके 14वें पुण्यतिथि महोत्सव का। बुधवार को मंदिर में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। सभा में रामनगरी के संत–महंत, विशिष्टजनों व हिंदू महासभाइयों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर आश्रम के वर्तमान पीठाधीश्वर महंत रवींद्र दास ने कहा कि उनके गुरूदेव बाबा कृष्णमोहन दास महाराज विलक्षण प्रतिभा के धनी संत थे। जो गौ एवं संत सेवी रहे। जिन्होंने अयोध्याधाम में एक विशाल आश्रम की स्थापना कर उसका कार्यभार संभाला। वह हिंदू महासभा संत प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। पूरे देश में घूम–घूमकर हिंदू महासभा का प्रचार–प्रसार किया। संगठन से काफी नामी–गिरामी संतों को भी जोड़ा। हिंदू महासभा को मजबूती प्रदान करने का काम किया। आजीवन संगठन के प्रति समर्पित रहे। पूरी ईमानदारी के साथ हिंदू महासभा में काम किया। पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। मुख्य अतिथि हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय ने कहा कि महाराजश्री द्वारा हिंदू महासभा के प्रति किए गए योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता है। उन्होंने संगठन से सभी को जोड़ा। उन्हीं की देन है कि आज हिंदू महासभा पूरे देश में मजबूती के साथ खड़ी है। इससे पहले आचार्य पंडित करूणानिधान गर्ग के नेतृत्व में सुबह ठाकुरजी का व गुरूदेव का पूजन–अर्चन किया गया।उसके बाद संगीतमय सुंदरकांड का पाठ हुआ। तत्पश्चात फल–मिष्ठान एवं विविध पकवानों का भोग लगाकर भगवान की महाआरती आरती उतारी गई। पुण्यतिथि पर काफी संख्या में संत–महंत, भक्तगणों ने प्रसाद ग्रहण किया। महंत रवींद्र दास महाराज द्वारा संत–महंत और विशिष्टजनों का स्वागत–सत्कार किया गया। इस अवसर पर गुजराती मंदिर महंत बलराम शरण, शनि संकटमोचन मंदिर महंत पं. लल्लन तिवारी, महंत अवधेश दास शास्त्री, संतदास, अभय कुमार शर्मा, ब्रजनंदन सिंह, गणेश शर्मा, रामनरेश पांडेय, राजकुमार सिंह, गुल्लू सिंह, चंद्रहास दीक्षित, रविशंकर पांडेय आदि मौजूद रहे।

# शादी समारोह से लौटते समय अनियंत्रित बोलेरो तालाब में पलटी : चालक समेत तीन लोग घायल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कोतवाली रूदौली क्षेत्र के भेलसर टिकैतनगर मार्ग हापा तिराहा पर तेज रफ्तार से आ रही बोलेरो वाहन ने सड़क किनारे लगे विद्युत पोल में जोरदार टक्कर मार दिया।टक्कर तेज होने के चलते विद्युत पोल टूट गया और वाहन तालाब में पलट गई बोलेरके सवार तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए।हादसे की सूचना पर पहुँची डायल 112 व स्थानीय पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु सीएचसी रूदौली में भर्ती कराया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली रूदौली के शुजागंज चौकी क्षेत्रान्तर्गत भेलसर टिकैतनगर मार्ग हापा तिराहा पर शादी समारोह से वापस लौट रहे बोलेरो वाहन ने सड़क किनारे लगे विद्युत पोल में जोरदार टक्कर मार दिया।टक्कर तेज होने के चलते विद्युत पोल टूट गया और बोलेरो वाहन तालाब में पलट क्षतिग्रस्त हो गई।बोलेरो में सवार चालक सहित तीन लोग जूली सिंह पुत्र राहुल सिंह निवासी अमानीगंज झबरा थाना खंडासा, आयूष पाण्डेय पुत्र धर्मेन्द्र पांडेय, अमन पांडेय पुत्र विनोद पाण्डेय निवासीगण पूरे खाले सिल्हौर बाराबंकी घायल हो गए।हादसे की सूचना पर पहुँचे डायल 112 तथा स्थानीय पुलिस कर्मियों ने तीनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी रूदौली में भर्ती कराया गया है।उक्त हादसे के विषय मे चौकी प्रभारी शुजागंज ने बताया कि सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी रूदौली में भर्ती करा दिया गया है।

# सीएम योगी ने प्रदेशवासियों को होली पर दिया तोहफा : सात से नौ मार्च तक होगी निर्बाध बिजली आपूर्ति

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रंगों का त्यौहार होली पर प्रदेशवासियों को बड़ा तोहफा दिया है।इस बार होली के अवसर लोगों को बिजली कटौती का सामना नहीं करना पड़ेगा।सीएम ने सात से नौ मार्च तक कटौती मुक्त निर्बाध विद्युत आपूर्ति का ऐलान किया है।उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन ने सात मार्च की शाम छह बजे से नौ मार्च की सुबह सात बजे तक पूरे प्रदेश में कटौती मुक्त बिजली आपूर्ति से संबंधित निर्देश दिया हैं।उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष एम देवराज ने कहा कि पूरे प्रदेश में इस अवधि में सबको निर्बाध बिजली प्राप्त हो इसके लिए सभी डिस्काम के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।एम देवराज ने बताया कि सभी प्रबन्ध निदेशकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने डिस्कॉम में कटौती मुक्त निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने हेतु समस्त आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर लें।यह भी निर्देशित किया गया है कि 1912 टोल फ्री नम्बर पर आपूर्ति सम्बन्धी प्राप्त सूचनाओं पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। एम देवराज ने कहा है कि होली के महत्वपूर्ण पर्व के अवसर पर सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति के प्रकरण में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। सभी वितरण अधिकारी अपने अपने दायित्यों का निर्वहन करें।एम देवराज ने बताया कि निर्धारित शिड्यूल के अनुरूप विद्युत आपूर्ति प्राप्त हो इसके लिए प्रबन्ध निदेशक अपने स्तर से अभी से प्रभावी मॉनीटरिंग करें तथा वितरण में लगे सभी अधिकारी लगातार सजगता बरतें।एम देवराज ने कहा कि विद्युत आपूर्ति में यदि कहीं कोई स्थानीय स्तर पर समस्या आती है तो उसको तत्काल कम से कम समय में ठीक कर लिया जाए। इसकी व्यवस्था हेतु पूर्व में ही आवश्यक गैंग एवं सामग्री तैयार रहनी चाहिए।

# जिला पंचायत राज अधिकारी ने आरआरसी सेंटर का फीता काटकर किया उद्घाटन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) विकास खण्ड रुदौली क्षेत्र के ग्राम पंचायत भेलसर और ऐहार गांव में नवनिर्मित एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का उद्घाटन मंगलवार को जिला पंचायत राज अधिकारी अयोध्या सुश्री दमन प्रीत अरोड़ा ने फीता काटकर किया।उन्होंने कहा कि अब ग्राम वासियों को कूड़े की समस्या से निजात मिलेगी और साफ–सफाई बनी रहेगी और स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत गांवों में सफाई कर्मियों को तैनात किया गया है जो घर–घर से कूड़ा उठाकर कचरा प्रबंधन यूनिट में डालेंगे।इसका उचित और सुरक्षित निस्तारण किया जाएगा।सुश्री दमन प्रीत अरोड़ा ने कहा कि पहली ग्राम पंचायतों में यह केंद्र चालू किया जा रहा है अब गांवों में गंदगी नहीं दिखाई देगी और हर घर से कचरे के उठाव का प्रबंध किया गया है ताकि गांव सुंदर और स्वच्छ बन सकें और बीमारियों से भी निजात मिल सके।इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत गंगा प्रसाद श्रीवास्तव,ग्राम पंचायत अधिकारी अशरफ हुसैन,ग्राम प्रधान मोहम्मद अलीम उर्फ गय्यम,ग्राम पंचायत सचिव नुसरत जहां,बीसी जिला समन्वयक दीपक सेन,इंजीनियर मोहम्मद अरशद,मोहम्मद सिराज,सुनील जायसवाल सहित तमाम लोग लोग मौजूद रहे।

# अयोध्या में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर किया घर में लाखों के जेवरात चोरी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कोतवाली निकट रानी बाजार निवासी अभिषेक गुप्ता उर्फ प्रिंस के घर में हुई चोरी। अज्ञात चोरों ने किया लाखों रुपए जेवरात की चोरी। बता दे की पीड़ित गत 20 फरवरी को सपरिवार शादी में गया हुआ था। 23 फरवरी को जब घर आया तो देखा कि बाहर नया ताला लटका हुआ था। उसको तोड़कर जब अंदर घुसा तो देखा कि गोदरेज टूटे हुए हैं और उसमें रखे लाखो रुपए के जेवरात गायब हुए हैं। इसकी सूचना पीड़ित अभिषेक गुप्ता उर्फ प्रिंस द्वारा क्षेत्रीय रायगंज चौकी पर दी गई थी। मौके पर दो सिपाही जाकर घटनास्थल का जायजा लिया। पीड़ित की ओर से इस संदर्भ में तहरीर दी गई है, लेकिन अभी तक मुकदमा कायम नहीं किया गया है। पीड़ित अभिषेक गुप्ता ने बताया कि लगभग 5 लाख के जेवरात चोरी हुई हैं। चोरी का समय 22 तारीख को सुबह लगभग 3:00 बजे सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है , इस फुटेज में अज्ञात चोर का चेहरा भी साफ दिख रहा है। पुलिस को तहरीर देने के बावजूद अभी तक मुकदमा कायम नहीं किया है। जिसके चलते पीड़ित की ओर से शासन प्रशासन वा स्थानीय पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

## एसएसपी ने उप निरीक्षक ओम प्रकाश को थानाध्यक्ष पटरंगा की सौंपी कमान : कई निरीक्षक व उप निरीक्षक के कार्यक्षेत्र में किया फेरबदल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डीआइजी/एसएसपी मुनिराज ने बुधवार की देर शाम जिले के विभिन्न थानों व कोतवाली मे तैनात थानाध्यक्ष व प्रभारी निरीक्षकों को हटाकर यह संकेत दिया है कि जो भी निरीक्षक थानाध्यक्ष अपने अपने क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियों में अंकुश लगाने में सफल नहीं होता है तो उसकी तैनाती फील्ड में नहीं की जाएगी।उसकी सिर्फ एक जगह पुलिस लाइन स्थित विभिन्न सेलो या फिर लाइन हाजिर होना ही है।मालूम हो कि इधर काफी एक माह से जिले में अपराधिक घटनाओं में इजाफा हुआ है।वहां पर तैनात सभी थानाध्यक्षों व प्रभारी निरीक्षकों की कार्यशैली पर डीआईजी/एसएसपी मुनिराज की पैनी नजर थी। जिसके चलते उन्होंने वहां पर तैनात उन सभी थाना प्रभारियों को हटाकर उनके स्थान पर दूसरे निरीक्षक व उप निरीक्षक की तैनाती किया है।जिसमे पिछले तीन साल पहले से कोतवाली नगर में वरिष्ठ उप निरीक्षक ओम प्रकाश की तैनाती अभी कुछ दिनों पहले थाना पटरंगा में वरिष्ठ उप निरीक्षक पद पर हुई थी।जिन पर डीआईजी/ एसएसपी मुनिराज ने भरोसा करते हुये उन्हें पहली बार पटरंगा थानाध्यक्ष के रुप में ताजपोशी किया है।नवागत थाना अध्यक्ष पटरंगा ओमप्रकाश ने बताया कि शासन के मंसानुरूप कार्य करना उनकी प्रथम प्राथमिकता है।क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के साथ ही साथ जहां तक हो सके फरियादियों को त्वरित न्याय थाना परिसर में ही मिल जाए उनका यही प्रयास रहेगा।उन्होंने आने वाले होली पर्व को आपसी भाईचारे के रूप में शांतिपूर्वक व सौहार्द ढंग से मनाये। जो भी इस दौरान कानून व्यवस्था को प्रभावित करना चाहेगा तो पुलिस उनसे



सख्ती से पेश आएगी।मालूम हो कि जिले में बढ़ते अपराध पर अंकुश न लगा पाने पर डीआईजी/एसएसपी मुनिराज ने कई थाना प्रभारी निरीक्षकों को हटाकर उनके जगह दूसरे उप निरीक्षक व निरीक्षकों पर भरोसा रखकर तैनात किया है। डीआईजी/एसएसपी मुनिराज ने वरिष्ठ उप निरीक्षक ओम प्रकाश थाना पटरंगा को थानाध्यक्ष पटरंगा, निरीक्षक राजेश कुमार राय को बीकापुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक तथा अशोक कुमार यादव को थानाध्यक्ष तारुन बनाया।इसके अलावा थाना पूरा कलंदर प्रभारी निरीक्षक के के मिश्रा को थानाध्यक्ष कैंट, कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक रतन शर्मा को थानाध्यक्ष पूराकलंदर तथा पटरंगा थानाध्यक्ष नीरज सिंह थानाध्यक्ष इनायतनगर बनाया।जबकि अपराध पर अंकुश न लगा पाने पर डीआईजी/एसएसपी मुनिराज ने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बीकापुर सुमित श्रीवास्तव के साथ साथ इनायत नगर व तारुन के थानाध्यक्ष को हटा दिया।

## फायर ब्रिगेड ने मॉकड्रिल कर आग से बचाव की दी जानकारी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) चीफ फायर ऑफिसर अयोध्या एमपी सिंह के निर्देश पर तहसील परिसर में फायर स्टेशन मिल्कीपुर के लीडिंग फायरमैन विजय प्रकाश द्विवेदी की अगुवाई में मॉकड्रिल कर कर्मचारियों को आग से बचाव की जानकारी दी। इस मौके पर उप जिलाधिकारी अमित जयसवाल तहसीलदार हेमंत गुप्ता मौजूद रहे।अग्निशमन केंद्र मिल्कीपुर के लीडिंग फायरमैन के नेतृत्व में फायरमैन प्रशांत दीक्षित, मनमोहन सिंह, विकास कुमार, संदीप भट्ट ने मिल्कीपुर तहसील के कर्मचारियों को आग से बचाव की जानकारी देते हुए तहसील में आए क्षेत्रीय लोगों को भी अग्निशमन यंत्रों को चलाने का प्रशिक्षण भी दिया गया। फायरमैनो ने बताया कि स्वयं आग से बचाव करते हुए विभाग को जानकारी दें, जिससे आग पर काबू पाया जा सके। तहसील के कर्मचारियों को आग से बचाव और सुरक्षा के लिए जागरूक किया तथा लगी आग पर कैसे काबू पाया जाए इसके लिए अग्निशमन कर्मियों ने गैस सिलेंडर में पहले आग लगाई उसके बाद यंत्र से उसको बुझाकर लोगों को दिखाया।इस मौके पर एलएलएम विजय प्रकाश द्विवेदी ने बताया कि बिजली के यंत्रों में आग लगने पर पानी का इस्तेमाल न करें। आग लगने पर भागदौड़ न करें, धीरे-धीरे जगह खाली कराएं। उन्होंने बताया कि आगजनी की घटनाएं गर्मी के मौसम में अधिक होती है। लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। आग लगने की सूचना तत्काल फायर स्टेशन देनी चाहिए, जिससे समय पर पहुंचकर उस पर काबू पाया जा सके। इस मौके पर तहसील कर्मचारियों समेत तहसील में काम से आए क्षेत्रीय लोग भी मौजूद रहे।

## सभी त्योहार शांति व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाए – एसडीएम

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) आगामी होली व अन्य त्योहारों को देखते हुए रौनाही थाना क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ग्राम प्रधानों वह राजनीतिक व्यक्तियों की एक बैठक थाना परिसर में उप जिला अधिकारी सोहावल मनोज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें क्षेत्र के प्रधान गण क्षेत्र पंचायत सदस्य व अन्य गणमान्य लोगउपस्थित रहे।इस अवसर पर बोलते हुए उप जिला अधिकारी मनोजकुमार श्रीवास्तव ने बताया कि त्यौहार आपसी सौहार्द व मिलजुल कर मनाने से त्योहार का आनंद दुगना हो जाता है लेकिन इसी में अगर किसी के द्वारा नशा आदि करके अगर व्यवधान पैदा कर दिया जाता है तो त्यौहार अधूरा रह जाता है। एसडीएम ने कहा त्योहारों पर सभी के घर मित्रों व मेहमानों का आगमन होता है ऐसे में गरिमामय व शांतिपूर्ण ढंग से यदि त्योहार मनाए जाएं तो उसका आनंद कई गुना बढ़ जाता है आगामीस आगामी त्यौहार होली व शबे बरात को देखते हुए वहां उपस्थित सभी गणमान्य लोगों से उन्होंने अपील की है कि अपने आसपास उस दिन शांति व्यवस्था बनाए रखें अगर कहीं कुछ अप्रिय घटना की सूचना मिलती है तो तुरंत थाने को सूचित करें। इस अवसर पर थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा कि रौनाही पुलिस आपकी सेवा में 24 घंटे लगी हुई है कहीं भी किसी प्रकार की अप्रिय सूचना मिलने पर तुरंत थाने के नंबर पर फोन करें आपकी सहायता तुरंत की जाएगी उन्होंने अराजक तत्वों को आगाह किया कि त्योहार मे किसी प्रकार का व्धान उतपन्न न करे।अन्यथा कड़ी कार्यवाही करते हुए जेल की राह दिखाई जाएगी। इस अवसर पर प्रधान गण कप्तान तिवारी, राम चेत यादव अल्लन प्रधान, खुर्शीद खान सत्यनाम सिंह धन्ना सिंह राजवंश प्रधान नदीम मलिक सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## रुदौली नगर की ज्वलन्त मुद्दों को लेकर कोतवाली में हुई बैठक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रूदौली नगर में जाम के झाम से मुक्ति विषय पर रूदौली कोतवाली में एसडीएम व सीओ रुदौली के नेतृत्व में मंगलवार को व्यापारियों के साथ बैठक की।बैठक में उपजिलाधिकारी स्वप्निल कुमार यादव ने नगर में व्यापारियों व ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले ग्राहकों के शौचालय के बारे में बताया कि एक सप्ताह के अंदर नगर में शौचालय की व्यवस्था कराई जाएगी।उन्होंने बताया कि पुराने शौचालय का निरीक्षण करके बजट के अनुसार उसे दुरुस्त कराया जाएगा तथा कुछ मोबाइल शौचालय की भी व्यवस्था नगर पालिका की ओर से चिन्हित स्थानों पर होगी।सट्टी बाजार लगने के स्थान पर 15 मार्च के बाद चर्चा होगी वही बड़े वाहनों को गर्मी में 10 बजे से शाम 7 तक नगर में प्रवेश वर्जित रहेगा।नो इन्ट्री 15 मार्च से लागू हो जाएगी।होली 7 मार्च को 2 बजे तक व 8 मार्च को 3 बजे तक खेली जाएगी।पुलिस क्षेत्राधिकारी एसबी तिवारी ने जो व्यापारी सड़क पर अतिक्रमण करके दुकान लगाते है उन्होंने व्यापारियों से सड़क से अतिक्रमण हटाने का अनुरोध किया।उन्होंने कहा नगर में पुलिस के साथ मार्च करूंगा जिसकी वीडियो भी बनाई जाएगी।दो बार व्यापारियों से अतिक्रमण हटाने के लिए कहा जायेगा तीसरी बार उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।ईओ रूदौली ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत शासन से निर्देश हुआ कि नगर को स्वच्छ रखने के लिए कूड़े को सड़क पर न फेक कर कूड़ेदान में ही डाले।वह भी गीला व सूखे कूड़े को अलग अलग डाले।दुकानों पर कूड़े का डिब्बा रखे।व्यापार मंडल के महामंत्री राजेश गुप्ता ने नगर में शौचालय व जाम की समस्या को बैठक में उठाया तो प्रशासन ने उसे जल्द ही हल कराने का आश्वासन दिया।विष्णु अग्रवाल ने पुलिस पर नगर में आने वाले वाहनों से 500 रुपये वसूली का आरोप लगाया।जिसका सीओ ने खंडन किया।इस मौके पर प्रभारी कोतवाल देवेन्द्र सिंह,एसआई दृवेश द्विवेदी,प्रमोद यादव,अविनाश चन्द्र,सुधीर त्रिपाठी,सचिन कसौधन सहित दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में 35 वर्षीय युवक का मिला शव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के खंडासा थाना क्षेत्र के जयराजपुर मठिया गांव स्थित एक बाग में मंगलवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में 35 वर्षीय एक युवक का शव मिला है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया है। मृतक की पहचान मिट्ठू लाल पुत्र सुंदर लाल निवासी बरगदही अघियौना के रूप मे हुई। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।बताया जाता है कि मिट्ठू लाल मिर्गी की बीमारी से पीडित था। पारिवारजनों का कहना है कि 2 दिन पहले वह बेटी के साथ दवा लेने की बात कहकर घर से निकला था। बेटी को घर पहले ही घर भेज दिया लेकिन वह वापस नहीं आया। मंगलवार को तीसरे दिन जयराजपुर मठिया गांव के समीप एक बाग में उसका शव मिला। थानाध्यक्ष खंडासा मनोज कुमार यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

## जिला चिकित्सालय में सीटी स्कैन अल्ट्रासाउंड के संचालक होने की अभी कोई उम्मीद नहीं

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिला चिकित्सालय मे कार्डियोलॉजिस्ट, रेडियोलॉजिस्ट,फिजीशियन,सीटी स्कैन का संचालन ठप्प पड़ा है।जिसका मुख्य कारण इस चिकित्सालय में इससे संबंधित विशेषज्ञ की तैनाती नहीं है।न ही अभी इसके संचालन की तैनाती की कोई उम्मीद नहीं है।जिसके कारण इस चिकित्सालय में सिर्फ अयोध्या जिले से ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों से आने वाले दूरदराज के मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।वही इस चिकित्सालय में इन जांचो के न होने पर मरीज व उनके परिजन बाहर से अधिक दामों पर अल्ट्रासाउंड व सीटी स्कैन कराने को मजबूर हो रहे हैं।यही दशा मंडलीय चिकित्सालय, जिला महिला चिकित्सालय व श्री राम चिकित्सालय अयोध्या की है।जहां पर कार्डियोलॉजिस्ट चिकित्सक की तैनाती नहीं है।मालूम हो कि आज से तीन साल पहले जिला चिकित्सालय में डाक्टर अनिल कुमार की तैनाती कार्डियोलॉजिस्ट चिकित्सक के रूप में तैनाती थी।उनके बाद से आज तक इस महत्वपूर्ण पद किसी भी कार्डियोलॉजिस्ट चिकित्सक की तैनाती नहीं हो सकी।जितने भी कार्डियोलॉजिस्ट चिकित्सकों की तैनाती यहां पर शासन से हुई परन्तु वे चिकित्सक शासन व किसी उच्चाधिकारियों से किसी तरह से सांठगांठ कर अपना तबादला यहां पर आने से पहले रुकवा लेते थे।जिसके चलते आज तक कोई भी कार्डियोलॉजिस्ट चिकित्सको की तैनाती नहीं हो सकी।अगर देखा जाए तो जिला चिकित्सालय व श्री राम चिकित्सालय व दर्शन नगर स्थित मेडिकल कॉलेज में कार्डियोलॉजिस्ट चिकित्सक की तैनाती बहुत ही जरूरी है।क्योंकि ह्रदय रोगियों के इलाज के लिये यहां पर इस रोग से संबंधित चिकित्सक की तैनाती नहीं होने के चलते अधिकतर रोगी यहां पर अपना इलाज कराने लखनऊ जाते है।जिसका परिणाम यह होता है कि जो कुछ रोगी तो वहां पर इलाज कराने के बाद बच जाते हैं और हार्ट अटैक से संबंधित रोगी रास्ते में ही दम तोड़ देते



हैं।योगी सरकार इस समय अयोध्या के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है परंतु स्वास्थ्य विभाग की वह शासन के मंशानुरूप खरा नहीं उतर रहा है। यही दशा जिला चिकित्सालय में अल्ट्रासाउंड की है। क्योंकि अल्ट्रासाउंड करने वाले रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सक कि सेवानिवृत्त के बाद से आज से दो से तीन महीने हो गए।परंतु अभी तक किसी की तैनाती शासन द्वारा नहीं हुआ जिसके चलते दूरदराज से आने वाले मरीजों को बाहर से अल्ट्रासाउंड कराना पड़ रहा हैं। वही जिला चिकित्सालय में सीटी स्कैन की कुछ मशीनें तो आ गई हैं परंतु वायरिंग आज के चलते उसका भी संचालन नहीं हो सका है।जो निष्प्रयोज्य दिखाई दे रही है।कुल मिलाकर इस समय जिले में जिला चिकित्सालय जब खुद ही बीमार है। क्या बोले जिला चिकित्सालय के सीएमएस डॉ सी बी एन त्रिपाठी इस संबंध में जिला चिकित्सालय में तैनात सीएमएस डॉ सी बी एन त्रिपाठी ने जिला चिकित्सालय की इस समस्या को स्वीकार करते किया।उन्होंने बताया कि इस चिकित्सालय में तीन साल होने के बावजूद अभी तक किसी भी कार्डियोलॉजिस्ट की तैनाती नहीं हुई है।बीच बीच में शासन से इस पद के चिकित्सकों की तैनाती शासन द्वारा होती तो है परन्तु यहां पर कार्यभार कोई भी चिकित्सक नहीं नहीं ग्रहण करते है।बीते मंगलवार की शाम एक कार्डियोलॉजिस्ट चिकित्सक की तैनाती शासन से आया।अब देखना यह है कि वे कार्यभार ग्रहण कर लेंगे या नहीं।वही इसी कड़ी में उन्होंने बताया कि रेडियोलॉजिस्ट, फिजीशियन के साथ-साथ अन्य चिकित्सकों की तैनाती के लिए हम कई बार शासन को पत्र लिखा है। वही सीटी स्कैन भी वायरिंग व संबंधित विशेषज्ञो के तैनाती के बाद संचालित हो जायेगा।

## क्या फूड विभाग की छापेमारी महज त्योहारों तक सीमित : मिठाइयों का त्यौहार नही चला अभियान

अयोध्या(जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। होटल ढाबों सहित फुटपाती दुकानों पर नास्ता भोजन कर आए दिन लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार हो रहे है।लेकिन खाद्य सुरक्षा विभाग के जिम्मेदार अपनी कुम्भकर्णी नींद से नही जागते है।पूरे वर्ष परचून की दुकान से लेकर फल,दूध,मिठाई,भोजन आदि जगहों पर मानक के विपरीत खाद्य सामग्रियां खुलेआम बेची जाती है लेकिन खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम सिर्फ त्योहारों पर ही सक्रियता दिखाकर महज औपचारिकता निभा लेते है फिर साल भर दिखाई नही देते।इस बार होली पर्व को महज पांच-छः दिन बचे है लेकिन विभाग की ओर से अभी तक छापामार जैसा कोई भी अभियान नही चलाया गया।ऐसे में दुकानदार वेखौफ होकर मिलावटी सामग्रियों को खुलेआम बेच रहे है।ग्रामिणी क्षेत्र में ये बात आम हो गई है। ग्रामीणों की माने तो रूदौली सर्किल में महीनों बीत जाते है खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा न ही कोई छापेमारी की जाती है न ही नमूना ही लिया गया है जबकि पाम ऑयल मिश्रित कडुवा तेल की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है।शहरी क्षेत्र में तो ब्रांडेड तेल व खाद्य वस्तुओं का ही लोग उपयोग करते हैं लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अब भी परचूनी दुकानों पर सस्ती खाद्य वस्तुओं की बिक्री ज्यादा होती है।गुणवत्ता पर कोई ध्यान नहीं देता।सिस्टम भी उदासीन बना रहता है जिसकी वजह से लोग बीमारियों की चपेट में आ जाते है।तहसील रूदौली क्षेत्र के शुजागंज,मियां पुरवा, सीवन, बाजिदपुर, पटरंगा, मवई, रानीमऊ नेवरा, बाबा बाजार, उमापुर, रुदौली नगर, आजाद नगर, सैदपुर की बाजारों में सड़ी गली मिठाई,फल व अन्य मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है।इतना ही नही परचून की दुकानों पर हल्दी मिर्चा अन्य मसालों की ऐसी पैकिंग मार्किट में बिक रही है।जो मानक के विपरीत व सेहत के लिए नुकसान दायक है।लेकिन मिलावट और दूषित खाद्य वस्तुओं की बिक्री रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमें छापामारी तो करती है।लेकिन इनकी सक्रियता सिर्फ त्योहारी सीजन में ही दिखाई पड़ती हैं। मिलावटखोरों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने के लिए जिला स्तर पर एडीएम प्रशासन और एसीजेएम कोर्ट में मुकदमे चलाकर दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है।कार्रवाई तो हो रही है लेकिन छापामारी और नमूनों की जांच कराने में और तेजी लाने की जरूरत है। मिठाई के ट्रे पर लगाना रहता है लेवल शासन द्वारा मिठाई को लेकर विगत वर्ष ही नियम लागू किया गया है।इसके मुताबिक हलवाइयों को दुकान पर रखी मिठाई ट्रे पर लेवल लगाकर लिखना होगा कि इसे कब तैयार किया गया और कब तक ये सुरक्षित है।लेकिन अभी तक रुदौली तहसील क्षेत्र में ऐसी कोई मिठाई की दुकान नही है जहां पर ऐसी व्यवस्था शुरू की गई है।ऐसे में यह मिठाई कब बनाई है किसी को पता ही नही चल पाता। इस सम्बंध में सहायक खाद्य आयुक्त अयोध्या मानिक चन्द्र ने बताया कि खाद्य वस्तुओं में मिलावट रोकने के लिए नियमित छापामारी की जा रही है।जहां भी मिलावट की शिकायत मिलती है वहां नमूना भरवाकर जांच के लिए भेजा जा रहा है।प्रयोगशाला से नमूना की जांच रिपोर्ट आने पर मुकदमा भी दर्ज कराया जाता है।इस बार होली पर्व को लेकर छापेमारी की योजना बनाई गई है।इसके लिए पांच सदस्यीय टीम का गठन भी किया गया है।

## रामनगरी अयोध्या में अखिल भारतीय पत्रकार एसोसियेशन के कार्यकारिणी का किया गया गठन

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।बुधवार को रामनगरी अयोध्या प्रतिष्ठित हनुमान बाग के सभागार में अखिल भारतीय पत्रकार एसोसियेशन ने अपने कार्यकारिणी का गठन कर अयोध्या में पत्रकारों की हर समस्या के निदान के लिए प्रतिबद्ध होने का संकल्प लिया। अखिल भारतीय पत्रकार एसोसियेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्र ने कार्यकारिणी गठन के लिए आयोजित सभा में पत्रकारों को आमजन की समस्यायों व विभिन्न सरकारी विभागों के सकारात्मक व नकारात्मक पक्षों को उजागर करने के लिए जगह जगह शिविर लगाकर जनसाधारण की समस्याओं के प्रति पत्रकारों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। अखिल भारतीय पत्रकार एसोसियेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्र ने राष्ट्रीय फलक पर ऊंचाईयों की ओर बढ़ रहीं अयोध्या में अपने कार्यकारिणी के विभिन्न पदों पर नामित किया । अयोध्या जिला अध्यक्ष के पद पर अभिनव सिंह वही उपाध्यक्ष अंशुमान तिवारी,महासचिव ज्योति जयसवाल व धीरज पांडेय वही कोषाध्यक्ष के पद पर शशांक पाठक ,सचिव के पद पर अंकुर पांडेय,सिद्धार्थ श्रीवास्तव, नौशाद आलम,जनार्दन सिंह, चंद्रधर द्विवेदी व लेखा परीक्षक पद पर प्रगति ठाकुर को नामित किया गया।उक्त आयोजन मे अखिल भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार एसोसियेशन के वरिष्ठ पदाधिकारियों व जनपद के दर्जन भर पत्रकारों सहित अयोध्या के वरिष्ठ संत महंत मौजूद रहे ।

## त्योहारों के मद्देनजर खाद्य विभाग ने कसी कमर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) होली पर मिठाइयों और अन्य खाद्य सामग्री में मिलावट को देखते हुए खाद्य विभाग की टीम ने तैयारी पूरी कर ली है।सहायक खाद्य आयुक्त मानिक चंद्र सिंह ने बताया कि त्योहारों के दौरान बाजारों में मिलावटी सामानों की बिक्री बढ़ जाती है। सबसे ज्यादा बाजार में मिलावटी मावे की खपत होती है। यह मिलावटी मावा देहात क्षेत्र से शहर में आता है। इसी पर रोक लगाने के लिए खाद्य विभाग ने टीमों का गठन करके शहर के बाजारों के साथ ही शहर के बाहरी क्षेत्रों में आज से छापेमारी की जाएगी । उन्होंने कहा की टीम का गठन हो चुका जो भी मिलावटी खोवा और मावा बेचता पाया जाएगा उसके ऊपर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## जनपद अयोध्या में चोरी व अन्य आपराधिक घटनाओं में इजाफा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)पुलिस विभाग के कर्मी बैठक व वाहन चेकिंग अभियान चलाने में व्यस्त हैं वही चोर, हत्यारे व अन्य अपराधी आपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को खुलेआम चुनौती दे रहे हैं।इस समय जिले में आपराधिक घटनाओं में इजाफा हुआ है। वही जिले के डीआईजी/एसएसपी मुनिराज जी आये दिन इस पर अंकुश लगाने के लिये अपने अधीनस्थ पुलिसकर्मियों के साथ बैठक कर दिशा निर्देश भी देते हुए नजर आते हैं। परंतु इसके बावजूद जिले में चोरी, लूट, हत्या,छिनैती व अन्य आपराधिक घटनाओं में इजाफा हुआ है। इधर फरवरी माह से अब तक जिले में चोरी, बाइक चोरी व छिनैती के साथ साथ छोटी मोटी आपराधिक घटनाओं में इजाफा हुआ है।अभी थाना क्षेत्र में अयोध्या कोतवाली में एक सप्ताह के बीच तीन तीन चोरियां व अन्य थाना क्षेत्रों में लूट हत्या की घटनाएं हुई हैं। जिसके चलते अभी पिछले दिनों कुछ थाना प्रभारी निरीक्षकों व चौकी प्रभारी के साथ साथ पुलिस कर्मियों पर डीआईजी/एसएसपी मुनिराज कार्यवाही भी किया। पुलिस व यातायात पुलिस कर्मियों ने संयुक्त रुप से वाहन चेकिंग अभियान में पिछले वर्ष मार्च में 1168, अप्रैल माह में 2088,मई माह में 2163,जून माह में 3056, जुलाई माह में 2268, अगस्त माह में 1240, सितम्बर माह में 1541, अक्टूबर माह में 1436, नवंबर माह में 3307, दिसंबर माह में 5697, जनवरी वर्ष 2023 में 3010 तथा पिछले महीने फरवरी में 2280 में वाहनों का ई चालान किया। परंतु इस चेकिंग के बावजूद भी चोर उचक्के व अन्य आपराधिक किस्म के अपराधी आपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर आराम से निकल जाते थे।जो पुलिस की पकड़ से काफी दूर चलें जाते थे।

## अश्विनी पाण्डेय बने नगर कोतवाल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) इधर कुछ दिनों दिन से खाली चल रही थाना कोतवाली नगर में प्रभारी निरीक्षक की कुर्सी पर तैनाती हो गई।डीआईजी/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या मुनिराज ने अपने रीडर अश्वनी पांडे को थाना कोतवाली नगर का नया प्रभारी निरीक्षक बनाया है। मालूम हो कि इससे पहले इस पद पर तैनात प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह को डीआईजी/एसएसपी मुनिराज जी ने हटाकर थाना हैदरगंज में थानाध्यक्ष पर भेजा था।

## होली त्योहार से पूर्व वेतन को लेकर बैठक संपन्न

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। जनपद के अमीन संघ भवन में होली त्योहार पर वेतन नहीं मिलने को लेकर जिला अध्यक्ष




राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद अयोध्या अरविन्द कुमार सिंह मंत्री आर पी सिंह के नेतृत्व में बैठक हुई जिसमें निर्णय लिया गया है कि कल जिला अधिकारी से मिलकर होली त्योहार से पूर्व वेतन को लेकर मांग पत्र सौंपा जाएगा जिला अध्यक्ष ने बताया कि आज यानि 2मार्च तक इंतजार किया जाएगा यदि वेतन नहीं मिला तो कल यानि 3मार्च को जिला अधिकारी से मिलकर ज्ञापन के माध्यम से अपनी बात रखेंगे इस बैठक में मुख्य रूप से अरविंद कुमार सिंह, डा राजेश कुमार सिंह, डेनियल भारती प्रवक्ता,राम प्रकाश सिंह मंत्री, दिलीप सिंह कमला प्रसाद के साथ कार्यकर्ता शामिल रहे।

## आम आदमी पर महंगाई की मार! फिर महंगा हुआ घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडर

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। होली से पहले आम आदमी को बड़ा झटका लगा है।महंगाई की मार ने एक बार फिर से रसोई का स्वाद बिगाड़ दिया था।मार्च महीने के पहले दिन आम लोगों पर महंगाई की मार पड़ी है। महीने के पहले दिन घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम में 50 रुपये की बढ़ोतरी हुई है. दिल्ली में अब घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 1103 रुपये हो गई है। ऐसे में देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में रसोई गैस के दाम 1052.50 रुपये से सीधे 1102.50 रुपये प्रति सिलेंडर पर पहुंच गया है।इस बीच होली से पहले देश की आम जनता एक बार फिर महंगाई की मार झेल रही है।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार-पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।